सूर्योदय - 06:32
सूर्यास्त - 05:39

अधिकतम तापमान 20.5°
न्यूनतम तापमान 17.2°

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 95 गुरुग्राम (हरियाणा), शुक्रवार 6 नवंबर 2026 हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित ₹ मूल्य : 01 रुपए | पृष्ट : 08

आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक का उद्घाटन

1260 करोड़ रुपए की लागत के नेशनल हाईवे-152G जलबेहड़ा–शाहबाद खंड का किया लोकार्पण

ओपन सर्च/ब्यूरो







चंडीगढ़। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी भले ही धीरे-धीरे बोलते हों, लेकिन काम करने में बहुत तेज हैं। उन्होंने कहा कि श्री नायब सिंह सैनी तेजी से काम करने वाले मुख्यमंत्री हैं। श्री अमित शाह ने हरियाणवासियों को कहा कि हरियाणा में जब वर्ष 2029 में भाजपा जनता के बीच वोट मांगने जाएगी, तब पार्टी अपने घोषणा पत्र में किए गए सभी वादों और गारंटियों को पूरा करके जाएगी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने वीरवार को अंबाला में आयोजित आजादी की पहली लड़ाई (1857) के शहीद स्मारक के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जहां 10 मई, 1857 को क्रांतिवीरों ने अंग्रेजों के शासन के विरुद्ध क्रांति का बिगुल फुंका था और उनकी एक शुरुआत पूरे देशभर में देखते ही देखते आग बनकर फैल गई थी। पूरी दुनिया देखकर आश्चर्यचकित रह गई थी कि जिस अंग्रेजी सरकार का सूर्य कहीं डूबता नहीं था, उसकी नींव हिलाकर रखने वाला वो 1857 का स्वतंत्रता संग्राम, जिस अंबाला की भूमि पर शुरू हुआ, उसे मैं बार-बार प्रणाम करता हूं। इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल, कैबिनेट मंत्री श्री अनिल विज, बीजेपी केंद्रीय प्रभारी श्रीमती स्मृति ईरानी और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता भी उपस्थित रहे।

श्री अमित शाह ने कहा कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को अंग्रेजियत से प्रेरित, वामपंथी विचारधारा वाले इतिहासकारों ने एक विद्रोह का नाम दिया। विद्रोह शब्द है अंग्रेजों के लिए। वीर सावरकर ने सच कहा था कि क्रांति हम सब भारत माता की संतानों के लिए विद्रोह नहीं बल्कि स्वतंत्रता संग्राम है। उन्होंने कहा कि सन 1857 से लेकर 1947 तक का 90 साल का यह महान संघर्ष,जिसमें अनेक शहीदों ने सर्वस्व बलिदान दिया, तब जाकर हमें आजादी मिली। उन शहीदों के बलिदान के आधार पर ही हम आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की कल्पना कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि आज बाबू कुंवर सिंह को भी याद करने का अवसर है, जिस वीर योद्धा ने 87 साल की उम्र में अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी, उनकी बाईं बाजू पर गोली लगी और उसने अपनी दाईं बाजू से बाईं बाजू काट दी। अगर तुझ में खून ही नहीं है तो तुम भारत माता की क्या सेवा करोगे और उस बूढ़े वीर ने लड़ते-लड़ते अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि जो देश अपनी स्वतंत्रता की कीमत नहीं समझता है, जिन शहीदों ने खून बहाया और उनका महिमामंडन नहीं करता है इतिहास के पन्नों को वो लाल खून से बदलकर स्वर्णिम अक्षर में अंकित नहीं करता है, तो वो देश कभी प्रगति नहीं कर सकता है। आज अंबाला में बना यह स्मारक देशभर की युवा पीढ़ी के लिए आने वाले दिनों में देश भक्ति पैदा करने वाला एक अद्भुत स्थान बनेगा। उन्होंने इस स्मारक के निर्माण के लिए हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल, वर्तमान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और कैबिनेट मंत्री श्री अनिल विज के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन सभी के विशेष प्रयासों से यह विराट शहीद स्मारक आज बनकर तैयार हुआ है।

श्री अमित शाह ने कहा कि यह वही भूमि है जहां कभी सरस्वती नदी बहा करती थी, जहां वेदों की रचना हुई, इसी वीर भूमि पर श्री कृष्णा ने गीता का संदेश दिया, इसी वीर भूमि पर महाराजा अग्रसेन ने एडमिनिस्ट्रेशन का भारतीय मॉडल दिया। इसी वीर भूमि पर राजा नाहर सिंह, राव तुलाराम ने आजादी की लड़ाई लड़ी और वह परंपरा शुरू हुई और आज सबसे ज्यादा अगर जवान किसी एक प्रदेश के होते हैं तो मेरे हरियाणा के होते हैं। उन्होंने कहा कि जब खेलों में भारत की मेडल तालिका की बात आती है तो उस तालिका में नंबर वन पर हरियाणा रहता है। जब देश को जरूरत थी अन्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने की, तो हरियाणा के किसानों ने देश के अनाज के भंडार भर दिए। श्वेत क्रांति में भी हरियाणा का बहुत बड़ा योगदान है।

श्री अमित शाह ने कहा कि हरियाणा की इसी भूमि पर आज 22 एकड़ भूमि पर 23 गैलरियों के साथ सन् 1857 की क्रांति का अद्भुत स्मारक बना है। स्मारक में आधुनिक तकनीक के माध्यम से, होलोग्राफी और इंटरएक्टिव प्रोटेक्शन के साथ दस्तावेज और हरियाणा की सभी प्रकार की कलाओं को संजोने का एक अद्भुत प्रयास हुआ है। फुलकारी और सरकंडा की शिल्पकला और 2500 की सीटिंग कैपेसिटी वाला ओपन एयर थिएटर, लाइट एंड साउंड शो से हमें वापस 1857 में ले जाने की व्यवस्था के साथ यह स्मारक 1857 की क्रांति, बलिदान और सम्मान को जागृत करने वाला एक ऊर्जावान स्थान बना है।

अंबाला का ऐतिहासिक शहीद स्मारक राष्ट्र को समर्पित, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया उद्घाटन

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। 5 नवंबर - 1857 की आजादी की पहली लड़ाई की गौरवशाली गाथा और वीर क्रांतिकारियों के अदम्य साहस का साक्षी बन रहा अंबाला का ऐतिहासिक स्मारक आज राष्ट्र को समर्पित हो गया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज इसका उद्घाटन कर स्वतंत्रता संग्राम के वीर नायकों के बलिदान, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति को नमन किया। यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों को देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीरों के शौर्य और त्याग की प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय बिजली मंत्री श्री मनोहर लाल, परिवहन मंत्री श्री अनिल विज भी उपस्थित रहे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह और हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने स्मारक के परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। इसके उपरांत सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन समारोह का विधिवत शुभारंभ किया।

इसके उपरांत केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने संग्रहालय से संबंधित परिचयात्मक वर्चुअल रियलिटी फिल्म का प्रस्तुतीकरण देखा और टेलीग्राम प्रदर्शनी के माध्यम से अम्बाला में क्रांति का प्रारंभ, हरियाणा में क्रांति का प्रारंभ का अवलोकन किया। साथ ही, कठपुतली शो के माध्यम से हरियाणा में क्रांति की प्रदर्शनी को देखा। सभी अतिथियों ने 1857 के क्रांतिवीरों के सम्मान में श्रद्धांजलि अर्पित की।

आज़ादी की पहली लड़ाई (1857) के शहीद स्मारक की विशेषताएं

1857 में हुई आज़ादी की पहली लड़ाई केवल एक सैन्य विद्रोह नहीं थी, बल्कि यह स्वतंत्रता की एक प्रबल और व्यापक पुकार थी, जिसने भारत में ब्रिटिश शासन की नींव को हिला दि थी। इस ऐतिहासिक संघर्ष



में राव तुलाराम, मंगल पांडेय, रानी लक्ष्मीबाई, नाना साहेब और तात्या टोपे जैसे वीर एवं प्रसिद्ध योद्धा प्रमुख नेताओं के रूप में उभरे। उन्होंने असाधारण साहस का परिचय देते हुए स्वतंत्रता के संघर्ष को दिशा और गति प्रदान की। इस महान क्रांति की ज्वाला के बीच हरियाणा के वीर नायक भी उभरकर सामने आए, जिनकी गाथाएँ आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करती हैं।

आज़ादी की पहली लड़ाई ने भारतीय मानस में राष्ट्रवाद और देशभक्ति की गहरी भावना का संचार किया, जो आगे चलकर पूरे स्वतंत्रता आंदोलन की नींव बनी। यह संग्रहालय भारत के स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित आगामी सबसे बड़े संग्रहालयों में से एक है, जिसे केवल एक भवन परिसर के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्रीय तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस स्मारक का पूरा परिसर 22 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैला हुआ है, जहाँ इसकी हर ईंट और हर दीवार देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत है। इस परिसर के केंद्र में स्थित मुख्य संग्रहालय तीन मंजिलों में विभाजित है, जिनमें 22 विशिष्ट दीर्घाओं का अत्यंत सूक्ष्मता और गहन शोध के साथ निर्माण किया गया है।

यह अपने आगंतुकों को केवल शुष्क ऐतिहासिक जानकारी प्रस्तुत नहीं करता, बल्कि वास्तुकला, कला और अत्याधुनिक तकनीक के संगम के माध्यम से अतीत को जीवंत रूप में पुन: प्रस्तुत करता है। टिकटिंग, ओरिएंटेशन कक्ष और आकर्षक कमल छत्र जैसी स्वागत सुविधाओं के साथ यह स्थान आगंतुकों को सीधे 1857 के उस उथल-पुथल भरे दौर में ले जाता है। संग्रहालय की दीर्घाएँ 1857 की घटनाओं के माध्यम से एक कालानुक्रमिक और इमर्सिव यात्रा के रूप में विकसित होती हैं।

एसआईआर को लेकर विपक्ष कर रहा है भ्रामक प्रचार : नायब सिंह सैनी

मुख्यमंत्री ने 'लोकतंत्र बचाओ- अराजकता हटाओ' पदयात्रा को किया संबोधित

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को करनाल में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ- अराजकता हटाओ' पदयात्रा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। पदयात्रा में केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल, हरियाणा प्रदेश की प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, कैबिनेट मंत्री मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार, राव नरबीर सिंह, श्री महिपाल ढांडा, डॉ अरविंद शर्मा, श्री कृष्ण बेदी, राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम, डिप्टी स्पीकर डॉ कृष्ण मिड्ढा, गवर्नमेंट चीफ व्हिप एवं विधायक राम कुमार कश्यप, विधायक जगमोहन आनंद, विधायक भगवानदास कबीरपंथी, विधायक योगेंद्र राणा सहित वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह का हरियाणा की पावन धरती पर पहुंचने पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि एसआईआर को लेकर विपक्ष द्वारा भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दानवीर कर्ण की नगरी करनाल त्याग, सेवा और दान की परंपरा के लिए जानी जाती है। लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक का मत सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है, जो देश और प्रदेश के भविष्य के निर्माण में उसकी भागीदारी सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो और वह बिना किसी बाधा के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे। मतदाता सूची में मृत व्यक्तियों के नाम, दोहरी प्रविष्टियों और त्रुटिपूर्ण रिकॉर्ड की नियमानुसार जांच कर उचित प्रक्रिया के तहत सुधार किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे अपने और अपने परिवार के सदस्यों के नाम मतदाता सूची में अवश्य जांचें तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर संबंधित निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नियमानुसार दावा या आपत्ति दर्ज करवाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार हम दीपावली से पहले अपने घरों की सफाई करते हैं, उसी प्रकार लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता भी जरूरी है। यह प्रक्रिया किसी व्यक्ति या वर्ग के विरुद्ध नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक मजबूत बनाने का कार्य है।

हरियाणा में 1,149 सदस्यीय राज्य आपदा मोचन बल (SDRF) का किया गठन

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने प्रदेश में आपदा प्रबंधन की तैयारियों और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई की क्षमता को मजबूत करने के उद्देश्य से 1,149 सदस्यीय राज्य आपदा मोचन बल (SDRF) का गठन किया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत औपचारिक अधिसूचना जारी की गई है। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं, आपातकालीन स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित घटनाओं से निपटने के लिए राज्य की संस्थागत क्षमता को सुदृढ़ करना है। नवगठित राज्य आपदा मोचन बल प्रदेशभर में बचाव, राहत, सुरक्षित निकासी और आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि इस बल के गठन से आपातकालीन परिस्थितियों में विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा तथा प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

हरियाणा में पांच एचसीएस अधिकारियों के तबादले

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से पांच एचसीएस अधिकारियों के तबादला एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। वर्तमान में नियुक्ति आदेशों की प्रतीक्षा कर रहे श्री धीरज चहल को हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद का संयुक्त राज्य परियोजना निदेशक नियुक्त किया गया है। श्री संजय बिश्नोई, जो जिला परिवहन अधिकारी-सह-सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, फतेहाबाद, सिरसा और हिसार के पद पर कार्यरत थे, को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग में उप-सचिव नियुक्त किया गया है। फतेहाबाद के सिटी मजिस्ट्रेट श्री गौरव गुप्ता को जिला परिवहन अधिकारी-सह-सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, फतेहाबाद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। हिसार के सिटी मजिस्ट्रेट श्री रोहित कुमार को जिला परिवहन अधिकारी-सह-सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, हिसार का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

अंबाला की धरती से 1857 की क्रांति का बिगुल बजा, अब देश-दुनिया देखेगी आजादी की पहली लड़ाई का गौरवशाली इतिहास : अनिल विज

22 एकड़ में बना एशिया का सबसे बड़ा 1857 की क्रांति का शहीदी स्मारक, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया लोकार्पण : विज

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि 1857 की क्रांति का बिगुल अंबाला छावनी की धरती से मेरठ से भी पहले बजा था, लेकिन इतिहास में इस गौरवशाली अध्याय को वह स्थान नहीं मिला, जिसका यह हकदार था। आजादी की लड़ाई में अंबाला छावनी के वीर सैनिकों और क्रांतिकारियों के योगदान को दुनिया के सामने लाने के उद्देश्य से 22 एकड़ में एशिया का सबसे बड़ा 1857 की क्रांति का शहीदी स्मारक तैयार किया गया है। इसका लोकार्पण केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने किया है। यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों को देश की आजादी के लिए दिए गए बलिदान और संघर्ष की गाथा से रूबरू करवाएगा। श्री विज शहीद स्मारक के लोकार्पण के बाद आयोजित जनसभा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बचपन से स्कूल और कॉलेज में पढ़ाया जाता रहा कि आजादी की लड़ाई कांग्रेस ने लड़ी, लेकिन इतिहास का गहराई से अध्ययन करने पर पता चला कि 1857 की क्रांति का वास्तविक इतिहास इससे कहीं अधिक व्यापक है। उन्होंने बताया कि अंबाला में 10 मई 1857 से पहले ही अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष की तैयारियां शुरू हो चुकी थीं। अंग्रेजों के उस समय के सरकारी दस्तावेजों सन 1923-24 के गजेटियर में भी 10 मई को अंबाला छावनी में सैनिकों के विद्रोह का उल्लेख मिलता है, जोकि इस समय अंग्रेजों द्वारा लिखा जाता था। उन्होंने कहा कि इतिहासकारों की पुस्तकों, अंग्रेज अधिकारियों के दस्तावेजों और पुराने नक्शों के अध्ययन से अंबाला में हुए संघर्ष के कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाने वाले सैनिकों को दबाने के लिए कार्रवाई की गई। सरकारी दस्तावेजों में अगस्त माह में परेड ग्राउंड में हुई एक घटना का भी उल्लेख है, जहां गोलीबारी में महज 10 मिनट के भीतर 135 भारतीय सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया गया था। उन्होंने कहा कि इन वीरों के बलिदान को उचित सम्मान दिलाने के लिए उन्होंने करीब 25 वर्षों तक लगातार आवाज उठाई और कई सरकारों के सामने स्मारक बनाने की मांग रखी। विज ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भी उन्होंने यह मांग उठाई थी और तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दस्तावेजों के सत्यापन के बाद स्मारक बनाने का आश्वासन दिया था, लेकिन उस समय यह सपना पूरा नहीं हो पाया। वर्ष 2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के सामने सभी ऐतिहासिक दस्तावेज रखे। मुख्यमंत्री ने स्मारक निर्माण को मंजूरी दी और आज अंबाला में 22 एकड़ में यह भव्य स्मारक बनकर तैयार है। उन्होंने बताया कि स्मारक का भूमिपूजन 10 मई 2015 को किया गया था, ताकि इस दिन को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने की परंपरा को आगे बढ़ाया जा सके। इसके बाद 11 मई 2015 को तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने इसका शिलान्यास किया था। मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि स्मारक में 22 गैलरियां बनाई गई हैं, जिनमें अंबाला से लेकर मेरठ, रानी लक्ष्मीबाई और राव तुलाराम सहित देशभर के क्रांतिकारियों के संघर्ष और बलिदान को आधुनिक तकनीक के माध्यम से दर्शाया गया है। यहां इतिहास को देखने और समझने के लिए कम से कम छह घंटे का समय लेकर आना होगा। स्मारक में 63 मीटर ऊंचा कमल का फूल की आकृति का मेमोरियल टावर भी बनाया गया है, जिसका ऐतिहासिक महत्व है। इसके अलावा 300 सीटों का ऑडिटोरियम, लिफ्ट और अन्य आधुनिक सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। उन्होंने कहा कि स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धांजलि देने वाला व्यक्ति जब निर्धारित श्रद्धांजलि गैलरी में जाकर तकनीकी डिजिटल रूपी स्क्रीन पर हाथ रखेगा तो उसका नाम दर्ज होगा और उसके सम्मान में एक ज्वाला आकाश की ओर उठेगी। यह व्यवस्था शहीदों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है।



हिन्दी दैनिक **ओपन सर्च**

गुरुग्राम सर्च

गुरुग्राम (हरियाणा), शुक्रवार, 6 नवंबर 2026

www.opensearch.co.in

थार की टक्कर से ऑटो और कार के उड़े परखच्चे, सीएनजी लीक होने से मचा हड़कंप

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सेक्टर-31 इलाके में बुधवार देर रात तेज रफ्तार थार का कहर देखने को मिला। उत्तर प्रदेश नंबर की एक बेकाबू थार ने ऑटो और कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद ऑटो में चालक और सवारियां फंस गईं। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। हादसे के दौरान ऑटो की सीएनजी भी लीक होने लगी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, थार चालक कथित तौर पर नशे में धुत था और इसी दौरान उसने वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में बच्चों के भी घायल होने की सूचना है। घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर मार्केट होने के कारण आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए पहुंच गए। सीएनजी लीक होने की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग को बुलाया गया। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और गैस रिसाव को रोकने के प्रयास किए। दमकलकर्मियों ने एहतियात के तौर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए, ताकि गैस के कारण आग लगने या किसी अन्य बड़े हादसे की आशंका को टाला जा सके। दमकल विभाग की टीम में शामिल सुनील, राय सिंह और अंकित ने कड़ी मशक्कत के बाद सीएनजी लीकेज को बंद कर स्थिति पर काबू पाया। समय रहते की गई कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया। वहीं, सूचना मिलने पर सेक्टर-40 थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों का जायजा लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे में घायलों की स्थिति और थार चालक की भूमिका को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

व्यापार केंद्र और गलेरिया रोड पर पहले की तरह जारी रहेगा वन-वे ट्रैफिक

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम की व्यापार केंद्र और गलेरिया रोड पर यातायात व्यवस्था को लेकर जिला समन्वय समिति की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। दोनों सड़कों पर पहले से लागू वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था फिलहाल यथावत जारी रहेगी। मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के पास प्रस्तावित अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू होने तक वाहनों की आवाजाही इसी व्यवस्था के तहत होगी। बैठक में जीएमडीए और ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों के बीच विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीसी मीणा ने समिति को अवगत कराया कि मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के पास अंडरपास का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाना प्रस्तावित है। निर्माण के दौरान कुछ मार्गों पर यातायात डायवर्ट करने और सड़कों को बंद करने की आवश्यकता पड़ सकती है। इस पर प्रधान सलाहकार (शहरी विकास) डीएस ढेसी ने निर्देश दिए कि अंडरपास का निर्माण शुरू होने तक व्यापार केंद्र और गलेरिया रोड पर मौजूदा वन-वे व्यवस्था जारी रखी जाए। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद जीएमडीए और ट्रैफिक पुलिस संयुक्त रूप से नई यातायात संचालन योजना तैयार करेंगे, ताकि निर्माण के दौरान भी वाहनों की आवाजाही सुचारू बनी रहे और आमजन को कम से कम परेशानी का सामना करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि मौजूदा व्यवस्था का उल्लंघन करने, विशेषकर वन-वे सड़क पर गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही जीएमडीए और ट्रैफिक पुलिस को दोनों सड़कों पर पर्याप्त दिशा-सूचक बोर्ड लगाने तथा सार्वजनिक सूचना पट्ट प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए, ताकि वाहन चालकों को यातायात नियमों और निर्धारित दिशा के बारे में स्पष्ट जानकारी मिल सके।

25 लाख की ठगी के आरोपी के घर ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंची झारखंड पुलिस, मकान पर चस्पा किया कुर्की का नोटिस

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम के पॉश इलाके डीएलएफ फेज-3 में गुरुवार को उस समय लोगों की भीड़ जुट गई, जब झारखंड पुलिस ढोल-नगाड़े बजाते हुए एक आरोपी के घर पहुंची। पुलिस ने माइक पर मुनादी कर 25 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे बलराम कुमार गुप्ता के घर कुर्की से पहले का नोटिस चस्पा किया। अदालत ने आरोपी को एक महीने के भीतर पेश होने का आदेश दिया है। ऐसा नहीं करने पर उसकी संपत्ति कुर्क की जाएगी। बोकारो के बेरमो थाने में तैनात एएसआई प्रभात किरण कोकिल अपनी टीम के साथ डीएलएफ फेज-3 के वी ब्लॉक पहुंचे। यहां आरोपी के घर के बाहर ढोल-नगाड़ों के साथ मुनादी की गई और नोटिस पढ़कर सुनाया गया। इस दौरान आसपास के लोग भी जमा हो गए, लेकिन घर से कोई बाहर नहीं आया।

जमीन दिलाने के नाम पर 25 लाख की ठगी:

पुलिस के अनुसार, बोकारो निवासी एग्रो कारोबारी मुकुल कुमार ने शिकायत दी थी कि गुरुग्राम निवासी बलराम कुमार गुप्ता और दीपक कुमार ने झारखंड के ओरमांझी में जमीन दिलाने का झांसा दिया था। आरोप है कि अगस्त 2021 में सौदा तय होने के बाद मुकुल ने दोनों के बैंक खातों में दो बार में 25 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बावजूद न जमीन मिली और न रकम वापस की गई। रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। इस मामले में 22 मई 2023 को बेरमो थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपी रिश्तेदार हैं और बलराम करीब तीन साल से फरार चल रहा है। अदालत में पेश नहीं होने पर उसे भगोड़ा घोषित किया गया। झारखंड पुलिस पहले भी उसकी तलाश में गुरुग्राम में छापेमारी कर चुकी है।

द्वारका एक्सप्रेसवे पर स्टंटबाजी का नया खेल, चलती कार से स्काईशॉट चलाते दिखे युवा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। द्वारका एक्सप्रेसवे पर देर रात युवाओं द्वारा की स्टंटबाजी में चलती कार से आतिशबाजी कर सडक पर चल रहे दूसरे वाहन चालकों की जान जोखिम में डालने का मामला सामने आया है। दी। इस बार युवाओं ने स्टंटबाजी के साथ स्काईशॉट चलाने का खतरनाक खेल खेला। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक हुंडई कार तेज रफ्तार से द्वारका एक्सप्रेसवे पर दौड़ रही है। कार के शीशे जेड ब्लैक हैं। चालक खिडकी का शीशा नीचे कर एक हाथ से स्टेयरिंग संभाल रहा है, जबकि दूसरे हाथ से स्काईशॉट चलाता नजर आ रहा है। वहीं, पीछे चल रही दूसरी कार में सवार युवक सनरूफ से बाहर निकलकर इस पूरी हरकत का वीडियो बना रहा है। युवाओं की इस करतूत ने एक्सप्रेसवे पर चल रहे अन्य वाहन चालकों के लिए खतरा पैदा कर दिया। चलती कार से छोड़ा गया स्काईशॉट किसी दूसरी गाड़ी पर गिर जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। गनीमत रही कि वीडियो में किसी दुर्घटना की जानकारी सामने नहीं आई।

विधायक आवास पर उमड़ा समर्थकों का सैलाब, स्नेह देखकर भावुक हुए मनमोहन भड़ाना

ओपन सर्च/ मनदीप कुमार

समालखा। दिवाली मिलन समारोह के अवसर पर विधायक मनमोहन भड़ाना के आवास पर हजारों की संख्या में समर्थक, कार्यकर्ता, पार्षद और गणमान्य व्यक्ति उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं देने पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। समर्थकों का अपार स्नेह देखकर विधायक मनमोहन भड़ाना भावुक हो गए और सभी का आभार व्यक्त किया। विधायक ने भावुक संबोधन में कहा कि जनता ने उन्हें अपने बेटे और भाई के रूप में जो प्यार और सम्मान दिया है, उसके लिए वह हमेशा आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें पता है कि परिवार के सदस्यों की अपेक्षाएं बहुत अधिक होती हैं। समालखा के विकास और लोगों के काम करवाने के लिए वह मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रियों और अधिकारियों तक लगातार प्रयास करते हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले दो वर्षों में कुछ कमियां और गलतियां रही होंगी। कई बार व्यस्त कार्यक्रमों और चंडीगढ़ में बैठकों के कारण फोन नहीं उठा पाते, लेकिन लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास जारी रहते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ काम नीतियों और सरकारी प्रक्रियाओं के कारण समय लेते हैं, लेकिन जनता को निराश नहीं होने देंगे। भड़ाना ने कहा, "मैं अपने माता-पिता का इकलौता बेटा हूं, लेकिन समालखा हलका ही मेरा परिवार है। आप सभी मेरे भाई-बहन और बड़े-बुजुर्ग हैं। मेरी कोई गलती हो तो मुझे समझाइए, लेकिन मेरा साथ मत छोड़िए। दुनिया की धन-दौलत और बिजनेस एक तरफ हैं और मेरे लिए जनता का प्यार एक तरफ है।" राजनीतिक मुद्दों पर बोलते हुए उन्होंने करनाल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पदयात्रा का जिक्र किया और भाजपा सरकार की नीतियों का समर्थन किया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, धारा 370 हटाने और राम मंदिर निर्माण जैसे कार्यों का उल्लेख किया। साथ ही कार्यकर्ताओं से भाजपा के साथ मजबूती से जुड़े रहने की अपील की।

दीपावली स्नेह मिलन समारोह में क्षेत्रवासियों के साथ खुशियां साझा करेंगे कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह : सुरेश यादव

कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह का दीपावली मिलन समारोह सामाजिक एकता, भाईचारे का बनेगा प्रतीकः सुरेश यादव

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



- आज सिविल लाइंस स्थित कार्यालय में आयोजित होगा भव्य दीपावली स्नेह मिलन समारोहः सुरेश यादव
- कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह का जनता से आत्मीय जुड़ाव और जनसेवा के प्रति समर्पण उनकी सबसे बड़ी पहचानः सुरेश यादव

गुरुग्राम। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश यादव ने कहा कि हरियाणा के लोकप्रिय नेता और कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह की ओर से दीपावली के पावन अवसर पर 6 नवंबर 2026 को दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

सिविल लाइंस स्थित कार्यालय में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले इस समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया गया है। सुरेश यादव ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने और उत्सव मनाने का पर्व नहीं है, बल्कि यह प्रेम, विश्वास, सद्भाव और सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करने का अवसर भी है। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह द्वारा आयोजित यह स्नेह मिलन समारोह क्षेत्रवासियों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित करने और दीपावली की खुशियां साझा करने का एक सुंदर माध्यम बनेगा। सुरेश यादव ने कहा कि कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह का राजनीति में हमेशा जनता के बीच रहना, लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनना और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास करना उनकी विशिष्ट पहचान है। उनका जनसंपर्क केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्र के लोगों के साथ उनका आत्मीय और पारिवारिक रिश्ता है। दीपावली जैसे पावन अवसर पर आयोजित यह समारोह इसी जनभावना और आपसी जुड़ाव को और मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में त्योहारों का विशेष महत्व है। ये पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम, भाईचारे और सहयोग के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

दीपावली का प्रकाश हमारे जीवन में सकारात्मकता, समृद्धि और खुशहाली का संदेश लेकर आता है। ऐसे आयोजन समाज में एकजुटता और परस्पर विश्वास की भावना को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं।सुरेश यादव ने गुरुग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों के सभी निवासियों, भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, मित्रों और शुभचिंतकों से निवेदन किया कि वे 6 नवंबर को सिविल लाइंस स्थित कार्यालय में आयोजित दीपावली स्नेह मिलन समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएं और कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह के साथ दीपावली की खुशियां साझा करें। उन्होंने कहा कि त्योहारों की वास्तविक खुशी अपनों के साथ मिलने, शुभकामनाएं देने और समाज में प्रेम एवं सद्भाव का संदेश फैलाने में ही निहित है।

फ्लैट की रेलिंग पर लड़ियां लगाते हुए गिरा था बीएसएफ के डीआईजी का बेटा

गुरुवार को पोस्टमार्टम के दौरान दोनों पैरों की हड्डियां टूटी मिली

- छाती में गंभीर चोट लगने व अधिक खून बहना मौत का कारण बताया



ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम में सेक्टर-85 स्थित दी लीफ सोसायटी में बीएसएफ के डीआईजी सत्यवान खांची के 28 वर्षीय बेटे असीम की मौत के मामले में नया खुलासा हुआ है। पुलिस और फोरेंसिक टीम की प्राथमिक जांच के बीच परिजनों ने दावा किया है कि दीवाली के त्योहार पर फ्लैट की बालकनी पर लाइटिंग लड़ियां लगाते समय असीम का संतुलन बिगड़ गया। जिसके कारण वह नीचे गिर गया। गुरुवार को पुलिस ने असीम के शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। गत बुधवार दोपहर करीब 2 बजे गुरुग्राम के सेक्टर-85 स्थित 'द लीफ' सोसाइटी के टॉवर-8 के फ्लैट नंबर 10बी की रेलिंग असीम गिर गया था। पुलिस को दिए बयानों में शोक संतप्त परिजनों ने बताया कि परिवार त्योहार की तैयारियों में जुटा था। असीम अपार्टमेंट की 11वीं मंजिल पर स्थित अपने फ्लैट की बालकनी में रोशनी के लिए बिजली की रंग-बिरंगी लड़ियां लगा रहा था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह सीधे बालकनी की रेलिंग से नीचे आ गिरा। इतनी ऊंचाई से गिरने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

दोनों पैरों की हड्डियां टूटीं

डॉक्टरों के बोर्ड द्वारा मृतक असीम के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई है कि 11वें फ्लोर से नीचे जमीन पर गिरने के कारण असीम के दोनों पैरों की हड्डियां पूरी तरह टूट चुकी थीं। इसके अलावा छाती में आई गंभीर अंदरूनी चोटों और अत्यधिक खून बह जाने के कारण उसकी मौत हो गई। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के हवाले कर दिया गया है। मृतक के पिता बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स में डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल) के पद पर तैनात हैं, जिसके चलते मामला बेहद हाई-प्रोफाइल है। फोरेंसिक एक्सपर्ट्स ने बालकनी की रेलिंग की ऊंचाई, गिरने के एंगल और नीचे गिरने के स्थान से महत्वपूर्ण साक्ष्य और फिंगरप्रिंट्स जुटाए हैं।

पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी: खेड़की दौला थाना प्रभारी विनोद ने बताया कि परिजनों ने इसे एक दुखद और आकस्मिक दुर्घटना बताया है। मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस यह भी जांच रही है कि क्या सोसायटी के फ्लैट्स की बालकनी की रेलिंग तय मानकों के अनुरूप सुरक्षित थी या नहीं। पुलिस आसपास के फ्लैट्स में रहने वाले लोगों और घटना के समय सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात गार्ड्स के बयान दर्ज कर रही है। सोसायटी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं ताकि घटनाक्रम का सही कारण स्पष्ट हो सके।

सेवानिवृत्त सिंडिकेट बैंक अधिकारियों की अनूठी पहल

बुजुर्ग पेंशनर्स के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र शिविर का तीसरा दिवस

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। देश भर में लाखों पेंशनर्स अपनी पेंशन पर जीवन निर्वाह करते हैं। इन्हें हर वर्ष नवंबर माह में अपने बैंक या पेंशन भुगतान अधिकारी के समक्ष जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होता है, ताकि अगले एक वर्ष तक पेंशन निर्बाध रूप से मिलती रहे। इसके लिए विशेषकर अधिक उम्र के, बीमार तथा महिला पेंशनर्स को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। वरिष्ठ नागरिकों की इसी परेशानी को दूर करने के लिए केनरा-सिंडीकेट बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारियों की संस्था CBSPRA कई वर्षों से पेंशनर्स के घरों के निकट ही शिविर लगाकर जीवन प्रमाण पत्र भरने की सेवा कर रही है। यह जानकारी संस्था के रीजनल सेक्रेटरी विजय अग्रवाल ने दी। इसी कड़ी में वैश्य समाज धर्मशाला, सेक्टर-4, गुरुग्राम में 3 नवम्बर से 5 नवम्बर तक तीन दिवसीय डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सबमिशन कैंप का तीसरा दिन था । भविष्य में शहर के अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे कैंप लगाए जाएंगे। आज शिविर में सर्व लोकप्रिय श्री नवीन गोयल पधारे । संस्था की ओर से वैश्य समाज के चेयरमैन श्री सुंदर दास अग्रवाल, प्रधान श्री राम बिलास सिंगला वाइस प्रेसिडेंट राम किशन गोयल व नरेश गुप्ता केंद्रीय सिंडिकेट बैंक रिटायरीज के रीजनल सेक्रेटरी श्री विजय अग्रवाल, श्री राजिंदर अरोड़ा, श्री सुभाष नागपाल व श्री अशोक कपूर ने अंगवस्त्र भेंट कर श्री नवीन गोयल जी का स्वागत किया। श्री नवीन जी ने विजय अग्रवाल और उनकी टीम की इस नेक कार्य के लिये बारम्बार प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वयं सेवा से रिटायर होने पर भी समाज सेवा में लगे रहकर वृद्धजनों को राहत देना अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने इस सेवाकार्य में सहयोग के लिए वैश्य समाज पदाधिकारियों की भी सराहना की।

शिविर में सेक्टर-4, सैक्टर 9, सेक्टर-7, सूर्य विहार, कृष्णा कॉलोनीराजेंद्रा पार्क सहित दूर-दराज से आए पेंशनर्स ने लाभ उठाया। आज तीसरे दिन लगभग 218 पेंशनर्स के ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र जमा कराए गए। सभी के लिए चाय-पानी की व्यवस्था भी की गई थी। दीपावली के बाद जो बुजुर्ग चलने-फिरने में असमर्थ हैं या बीमार हैं, उनके घर जाकर भी जीवन प्रमाण पत्र की सेवा दी जायेगी। आज भी ईपीएफओ से पेंशन प्राप्त करने वाली अनेक महिला पेंशनर्स ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पहले उन्हें इस कार्य के लिए सेक्टर-42 स्थित कार्यालय में जाना पड़ता था, चार पांच सौ रूपये ऑटो का भाड़ा लगता था और पूरा दिन लग जाता था, वहीं यह कार्य यहां मात्र 5 मिनट में हो रहा है। इस सेवाकार्य में वैश्य समाज सेक्टर-4 का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। शिविर के संचालन में श्री राजिंदर अरोड़ा, श्री सुभाष नागपाल, श्री राजपाल अरोड़ा, श्री लहरी सिंह, श्री सुरेश रस्तोगी, व श्री अशोक कपूर आदि का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर श्री परस राम गुप्ता, श्री विजय खुराना, रमेश चंद्र रुस्तगी, श्री गणेश चंद्रा, श्रीमती सीता शर्मा, श्रीमती गीता सेतिया, श्रीमती विद्या देवी श्री नरेंद्र मुंजाल, श्री कृष्ण कुमार, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए गुरुग्राम पुलिस के 4300 जवान तैनात

बाजारों, शॉपिंग मॉल, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों व अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर रहेगी पुलिस की विशेष निगरानी

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



- ग्रीन पटाखों की बिक्री एवं इस्तेमाल निर्धारित नियमों के अनुसार होगा, अवैध व प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री और उपयोग पर होगी सख्त कार्रवाई

गुरुग्राम। दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए गुरुग्राम पुलिस ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं। पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार सभी पुलिस उपायुक्तों एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने व आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। चार हजार से अधिक पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। दीपावली के इस पावन पर्व को सौहार्द, प्रेम , शांति तथा कानून के दायरे में रहकर मनाने के उद्देश्य से तथा किसी भी प्रकार की परिस्थिति पर काबू पाने के लिए गुरुग्राम पुलिस द्वारा नियमित पुलिस बल सहित अतिरिक्त पुलिस बल को विशेष निर्देश/आदेश देकर नियमित व चिन्हित स्थानों पर तैनात किया गया है। साथ ही पटाखे जलाने का समय निर्धारित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशों के अनुसार 7 एवं 8 नवंबर को केवल ग्रीन पटाखे निर्धारित समय प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक जबकि रात 8 बजे से 10 बजे तक ही जला सकेंगे। पटाखों की बिक्री केवल प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही की जा सकेगी।

अवैध पटाखों पर रहेगी विशेष निगरानी

पटाखों की बिक्री के निर्धारित स्थानों पर विशेष पुलिस पेट्रोलिंग टीमें तैनात रहेंगी। पुलिस द्वारा पटाखों की दुकानों पर लाइसेंस, ग्रीन पटाखों की सील पैकिंग एवं क्यूआर कोड की जांच की जाएगी। बेरियम युक्त एवं प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री व उपयोग पर रोक रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नो-क्रैकर जोन में पटाखे जलाने पर प्रतिबंध

जिला के अस्पतालों, नर्सिंग होम, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों एवं शैक्षणिक संस्थानों के 300 मीटर के दायरे में पटाखे जलाने पर प्रतिबंध रहेगा। इन स्थानों के आसपास विशेष पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा दीपावली के अवसर पर सदर बाजार, शॉपिंग मॉल, सिनेमा हॉल एवं अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस निगरानी रखी जाएगी। पुलिस की टीमें पैदल गश्त, बाइक एवं पीसीआर के माध्यम से लगातार पेट्रोलिंग करेंगी। महिलाओं के साथ छेड़छाड़, चेन स्नैचिंग, जेबतराशी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष निगरानी की जाएगी तथा सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

रेलवे स्टेशन एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा

रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, धार्मिक स्थलों, अस्पतालों, बिजली संयंत्रों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष सुरक्षा प्रबंध किए जाएंगे। संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की जाएगी। इसके अतिरिक्त होटल, गेस्ट हाउस, पीजी, धर्मशाला, पब एवं बार आदि स्थानों पर भी सुरक्षा की दृष्टि से विशेष चेकिंग की जाएगी। साथ ही पुलिस द्वारा जुआ एवं सट्टा खेलने और खिलाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। विस्फोटक पदार्थों एवं पटाखों के गोदामों की भी जांच की जाएगी।

करनाल में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ" पदयात्रा में शामिल हुए विधायक मुकेश शर्मा, अमित शाह के नेतृत्व में उमड़ा जनसैलाब

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज





करनाल। गुरुग्राम के विधायक श्री मुकेश शर्मा जी ने आज करनाल में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में सहभागिता की। इस दौरान करनाल की ऐतिहासिक धरती पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और हजारों कार्यकर्ताओं का जनसैलाब उमड़ा। पदयात्रा के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र, संविधान और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल, हरियाणा प्रभारी श्रीमती स्मृति ईरानी, प्रदेश सह-प्रभारी डॉ. भोला सिंह और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं का उत्साह और व्यापक जनभागीदारी इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रही।

भाजपा की ओर से कांग्रेस द्वारा SIR और कथित वोट चोरी को लेकर किए जा रहे प्रचार के विरोध में पदयात्रा के माध्यम से अपनी बात रखी गई। पार्टी ने लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक प्रक्रियाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

पदयात्रा के दौरान अपने संबोधन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस संसद में हंगामा कर सदन की कार्यवाही बाधित करती है। राहुल गांधी को जवाब देते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि भाजपा संसद से लेकर सड़क तक कांग्रेस को जवाब देगी। उन्होंने यह भी कहा कि संसद में चर्चा होनी चाहिए, अपमान नहीं। न्यायालय का अपमान करने वालों द्वारा संविधान की बात किए जाने पर भी उन्होंने सवाल उठाए।

विधायक श्री मुकेश शर्मा ने इस आयोजन को संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं के समर्पण का प्रतीक बताते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती, संवैधानिक मूल्यों का सम्मान और जनसेवा भाजपा की कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने पदयात्रा को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया। पदयात्रा सेक्टर-12 से शुरू होकर महर्षि दयानंद चौक, करनाल तक पहुंची। इसके पश्चात आयोजित जनसभा को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने संबोधित किया। सभी नेताओं ने अपने संबोधन में लोकतंत्र, संवैधानिक मूल्यों और राजनीतिक मुद्दों पर पार्टी का पक्ष रखा।इस ऐतिहासिक आयोजन में गुरुग्राम की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। गुरुग्राम के विधायक श्री मुकेश शर्मा जी हजारों कार्यकर्ताओं के साथ करनाल पहुंचे और पदयात्रा में सहभागिता की। गुरुग्राम से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने आयोजन में संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं के उत्साह को प्रदर्शित किया।

धनतेरस आज, धनवर्षा की उम्मीद के साथ गुरुग्राम में सज गए बाजार व मॉल

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

- नए वाहनों, बर्तन, सर्राफा व इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में बंपर खरीदारी की आस



गुरुग्राम। दीपावली पांच दिवसीय महापर्व है, जिसका शुभारंभ आज धरतेरस से होने जा रहा है। महालक्ष्मी को समर्पित इस महापर्व पर बाजारों में खास रौनक देखने को मिल रही है। आज शुक्रवार को धनतेरस पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। सोना-चांदी व बर्तनों की भी खूब खरीददारी होगी। दुकानें सजी सज गई हैं। लोग आभूषण, बर्तन, वाहन से लेकर अन्य धातुओं की खरीदारी को शुभ मानते हैं। वहीं मॉल्स में बॉय वन गेट वन फ्री के ऑफर बर्तन व मिठाईयों के डिब्बों पर दिए जा रहे हैं। इसके अलावा टू-व्हीलर वाहन व लग्जरी गाड़ियों के शोरूम के बाहर भी बीमा पांच साल तक फ्री करने के अलावा अन्य तरह की छूट के फ्लैक्स लगाकर लोगों को आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। सोने व चांदी के भाव में हाल ही में कुछ गिरावट आई है। सोना प्रति 10 ग्राम 1.33 लाख रुपए तक पहुंच गई, जबकि चांदी भी प्रति किलो 1.81 लाख तक पहुंच गई है। जिससे सर्राफा बाजार में भी काफी चहल-पहल दिखाई दे रही है। ऐसे में बर्तन बाजार से लेकर सर्राफा बाजार भी बंपर खरीदारी होने की उम्मीद है। इसके अलावा धनतेरस पर वाहन खरीद भी जमकर होती है, शहर के टू-व्हीलर व फोर-व्हीलर शोरूम भी ग्राहकों के स्वागत को सज गए हैं। दिवाली-धनतेरस के त्यौहार के अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स व सजावट के सामान की भी सदर बाजार व मॉल्स में जमकर खरीदारी की जा रही है, लेकिन धनतेरस पर बर्तन, सोना चांदी व वाहन आदि खरीदना शुभ माना जाता है, इसलिए शुक्रवार को बाजारों में बंपर धरवर्षा की उम्मीद है।

मॉल्स भी आज आधी रात तक खुलेंगे: गुरुग्राम में 100 से अधिक मॉल्स हैं। जो धनतेरस से लेकर दीवाली तक 12 बजे तक खुलेंगे। हालांकि लोग ट्रैफिक जाम व छूट का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन खरीदारी भी कर रहे हैं। इसके बावजूद भी गुरुग्राम के सदर बाजार में गुरुवार को भी काफी भीड़-भाड़ रही। वहीं सदर बाजार में खरीदारी करने के लिए आए लोग गुरुद्वारा रोड, सोहना रोड, बसई रोड व दोनों रेलवे रोड पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही। यही नही राजीव चौक से लेकर ओल्ड व न्यू रेलवे रोड पर भी गुरुवार की शाम को भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही।

नूंह पुलिस की साइबर अपराधियों पर बड़ी कार्रवाई, तीन आरोपी गिरफ्तार

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। जिला पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।ये आरोपी फर्जी सिम कार्ड, मोबाइल फोन और सोशल मीडिया पर फर्जी पहचान बनाकर आमजन को ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाते थे। आरोपियों द्वारा ऑनलाइन सूट-साड़ी बेचने, फ्लैट व कमरे किराये पर देने तथा रंगीन तोतों की होम डिलीवरी करने के नाम पर लोगों से पैसे ऐंठने का आरोप है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किए हैं। तीनों मामलों में पुलिस द्वारा नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि पहले मामले में साइबर टीम ने साहिब पुत्र अरसद निवासी गांव जैवंत, थाना सदर पुन्हाना को चांदड़ाका गांव के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी ऑनलाइन सूट और साड़ी बेचने के नाम पर लोगों के साथ साइबर ठगी करता था। आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन बरामद हुआ, जिसमें एक सिम कार्ड लगा हुआ था। मोबाइल की जांच करने पर व्हाट्सएप पर 'मां दुर्गा टेक्सटाइल' के नाम से प्रोफाइल मिली। पुलिस ने मोबाइल में इस्तेमाल किए गए एक अन्य नंबर को साइबर क्राइम पोर्टल पर जांचा तो उसके खिलाफ ओडिशा के राउरकेला निवासी एक शिकायतकर्ता की 3,600 रुपये की ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज मिली। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन और सिम कार्ड के अलावा वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर कब्जे में ली।

दूसरे मामले में पुलिस ने पिनगवां की भाट कॉलोनी में कार्रवाई करते हुए इसताक पुत्र रुस्तम निवासी गांव झिमरावट हाल आबाद भाट कॉलोनी पिनगवां को गिरफ्तार किया। आरोपी फ्लैट और कमरे किराये पर देने के नाम पर लोगों से बुकिंग चार्ज और विजिटिंग चार्ज के रूप में एडवांस भुगतान लेकर ठगी करता था। आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन बरामद हुआ। मोबाइल की जांच के दौरान व्हाट्सएप बिजनेस पर 'कुलदीप सिंह' और फेसबुक पर 'अनुराग गुप्ता' के नाम से अकाउंट मिले। इसके अलावा 99 एकर एप पर भी अकाउंट लॉगिन मिला। पुलिस को मोबाइल में फ्लैट और कमरे किराये पर देने से संबंधित चैट, वॉयस मैसेज, क्यूआर कोड, कमरों की तस्वीरें और कथित फर्जी आधार कार्ड के फोटो मिले। पुलिस के मुताबिक, इस्तेमाल किए गए सिम कार्ड के खिलाफ दिल्ली के साइबर पुलिस स्टेशन ईस्ट में दर्ज शिकायत सहित एक ऑनलाइन शिकायत मिली, जिसमें करीब 7,000 रुपये की ठगी का विवरण सामने आया। वहीं तीसरे मामले में थाना सदर फिरोजपुर झिरका की पुलिस टीम ने गांव नावली से नांगल मुबारिकपुर जाने वाले रास्ते पर खेतों में कार्रवाई करते हुए तोकिर उर्फ भुम्मा पुत्र जमशेद निवासी गांव नांगल मुबारिकपुर, थाना नगीना को गिरफ्तार किया। आरोपी रंगीन तोतों की ऑल इंडिया होम डिलीवरी करने के नाम पर लोगों को ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाता था। आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन बरामद हुआ, जिसमें एक सिम कार्ड लगा हुआ था। जांच के दौरान मोबाइल में 'राहुल शर्मा जी' के नाम से व्हाट्सएप बिजनेस अकाउंट और 'राहुल शर्मा' के नाम से फेसबुक अकाउंट लॉगिन मिला। पुलिस को व्हाट्सएप चैट, वॉयस रिकॉर्डिंग, रंगीन तोतों की तस्वीरें और वीडियो तथा होम डिलीवरी के नाम पर किए गए विज्ञापन भी मिले।

भारतीय शास्त्रीय संगीत की सुरमयी प्रस्तुतियों से सजी 'शुभो बिजोया" की शाम

संतूर वादन में डॉ. बिपुल कुमार राय ने बांधा समां, विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने दिखाई प्रतिभा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज





गुरुग्राम। भारतीय शास्त्रीय संगीत की मधुर स्वर लहरियों, सुरों की साधना और युवा प्रतिभाओं की शानदार प्रस्तुतियों के बीच गुरुग्राम में सांगीतिक संध्या 'शुभो बिजोया' का भव्य आयोजन किया गया। अति-मंद्रा (संगीत मनोरंजन से परे) की ओर से रविवार को रागाज़ संगीत अकादमी के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रोताओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा सभागार खचाखच भरा रहा। बंगाली संस्कृति में विजयादशमी और दुर्गा पूजा के बाद मनाए जाने वाले 'शुभो बिजोया' के आत्मीय एवं सांस्कृतिक भाव को संगीत के माध्यम से प्रस्तुत करने वाली इस संध्या में विद्यार्थियों के साथ प्रतिष्ठित कलाकारों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सितार, स्लाइड गिटार और पियानो पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर अपनी संगीत साधना, अभ्यास और प्रतिभा की झलक दिखाई। उनकी प्रस्तुतियों ने साबित किया कि संगीत केवल सुर और ताल सीखने का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, रचनात्मकता, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास की भी महत्वपूर्ण आधारशिला है। संध्या का मुख्य आकर्षण प्रख्यात संतूर वादक डॉ. बिपुल कुमार राय की प्रस्तुति रही। उन्होंने राग भूपाली की सुरीली प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद संतूर पर एक मधुर धुन पेश कर उन्होंने माहौल को पूरी तरह संगीतमय बना दिया। तबले पर हनी मिश्रा ने शानदार संगत कर प्रस्तुति में चार चांद लगा दिए। कलाकारों की जुगलबंदी और सुरों के तालमेल को श्रोताओं ने खूब सराहा।

आयोजन की विशेषता यह रही कि इसमें विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कलाकारों के साथ एक ही मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। अति-मंद्रा की यह पहल भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और युवाओं में संगीत के प्रति गंभीर समझ विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है।

'शुभो बिजोया' की सफल संगीतमय शाम ने न केवल युवा कलाकारों को मंच दिया, बल्कि श्रोताओं को भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराई, विविधता और सौंदर्य से रूबरू कराने का भी काम किया।

गुरुग्राम के खिलाड़ियों का भी हुआ चयन

-हिसार में यूथ नेशनल जिम्नास्टिक्स के ट्रायल सम्पन्न, 120 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया भाग

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। यूथ नेशनल जिम्नास्टिक्स के लिए हरियाणा टीम के चयन ट्रायल हिसार में संपन्न हुए। ट्रायल में 12 से 14 जिलों के 120 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों का चयन किया गया।

इस अवसर पर हरियाणा जिम्नास्टिक एसोसिएशन के एडमिनिस्ट्रेटर श्री सुरेंद्र सिंहमार, पूर्व जनरल सेक्रेटरी श्री कुलविंदर सिंह, पूर्व वाइस प्रेसिडेंट श्री राजकुमार राव, पूर्व जिला खेल अधिकारी श्री बलबीर सिंह, खेल विभाग एवं विभिन्न जिम्नास्टिक्स क्लबों और अकादमियों के कोच उपस्थित रहे।

चयनित खिलाड़ियों के नाम एवं जिले:

गुरुग्राम: हितेन, धीर, विहान, विरल, अरिहाम, मॉमिन, अद्वैत, दिव्यांशी, दृष्टि, धरित्री, प्रनवी, उत्सवी, मायरा, जसवी राव, वंशिका पवार।

हिसार: जशन, हरिदित, रिधम, मयंक, रितिक, हिमानी।

सिरसा: प्रियांश, लक्ष्य, प्रियांशी, सुमन, वंश, निखिल, ग्रावी, रमन।

* अंबाला: सौरव, सूर्यांश, गौरव, अनमय, गौतम, लिजा, दिविजा, मन्नत, अघम प्रीत।
* रोहतक: प्रशांत, ध्रुव।
* भिवानी: वीरेन।
* यमुनानगर: रुद्राक्षी।

चयनित हरियाणा टीम आगामी यूथ नेशनल जिम्नास्टिक्स चैंपियनशिप में भाग लेगी, जिसका आयोजन 23 से 30 नवंबर 2026 तक मुंबई के नेवी कैंप में होगा। हरियाणा जिम्नास्टिक एसोसिएशन के एडमिनिस्ट्रेटर श्री सुरेंद्र सिंहमार ने सभी चयनित खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दीं।

NAME CHANGE NOTICE


I, **RAJKUMAR**, S/o Sh. Attar Singh, Resident of C-3, Flat No. 101, Diplomatic Green, Sector 110A, Gurugram, Haryana, hereby declare that my daughter, **MEGHNA**, has changed her name to **MEGHNA RANA**.

Henceforth, she shall be known as **MEGHNA RANA** for all purposes and in all official records, documents and correspondence.

Both names, **MEGHNA** and **MEGHNA RANA**, refer to one and the same person, who is my daughter.

Father's Name	:	**RAJKUMAR**
Old Name	:	**MEGHNA**
New Name	:	**MEGHNA RANA**
Permanent Address	:	C-3, Flat No. 101, Diplomatic Green, Sector 110A, Gurugram, Haryana.

DIRECTORATE GENERAL RESETTLEMENT
MINISTRY OF DEFENCE
JOB FAIR for EX-SERVICEMEN (ESM)
20 NOV 2026- 7AM Onwards
VENUE: 54 ASP, Air Force Station, Near Shaheed Atul Kataria Chowk, Gurugram
Documents Required : ESM I-Card and 5 copies of Resume/Biodata



EX-SERVICEMEN : SKILLED, DISCIPLINED AND DEPENDABLE

Benefits for Industry Employers
- Free Online Registration
- Free Job Postings
- Free Allotment of Stalls
- Free Access to Resumes of ESM

What Employers Can Expect in Job Fair
Officers for Leadership roles & ESM for:-
- PSOs, Supervisors and Guards
- Drivers and Machinery Operators
- Chefs, Stewards and Hospitality roles
- Paramedical staff and Hospital Administration
- Fitters, Electricians and Technicians
- Artificers, Mechanics and Engine Operators
- Network and Telecom Engineers
- Surveyors and Draughtsmen
- Machinists, Welders and Artisans
- Automobile, Aviation & Weapon Technicians

For further details contact:
Jt Director, DR2(W) - 0172-2992652 drzwcdm@desw.gov.in
Jt Director (SE), DGR - 011-20863432 seopadgr@desw.gov.in
Director (SE), DGR - dirsedgr@desw.gov.in

In collaboration with ESMHire
Registration Open Now : www.esmhire.com
CBC 10401/11/0010/2627

मां महालक्ष्मी के पूजन से सुख शांति और समृद्धि की होती है प्राप्ति : पं. अमर चन्द भारद्वाज

ओपन सर्च/ नरेश शर्मा

गुरुग्राम। आचार्य पुरोहित संघ, गुरुग्राम के अध्यक्ष एवं श्री माता शीतला देवी श्राइन बोर्ड के पूर्व सदस्य कथावाचक पं. अमर चन्द भारद्वाज ने बताया कि दीपावली भारत का प्रमुख प्रकाश पर्व है। इसका आध्यात्मिक संदेश असत्य से सत्य, अंधकार से प्रकाश और अज्ञान से ज्ञान की ओर बढ़ना है। उपनिषदों में भी प्रार्थना की गई है, असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योर्मामृतं गमय। रामायण की प्रचलित धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीराम चौदह वर्ष का वनवास पूर्ण कर रावण वध के पश्चात माता सीता एवं लक्ष्मण जी के साथ अयोध्या लौटे थे। इसी उपलक्ष्य में दीपोत्सव मनाने की परम्परा है। उन्होंने बताया कि 6 नवम्बर, शुक्रवार को धनतेरस मनाई जाएगी। इस दिन भगवान धन्वंतरि, माता महालक्ष्मी, भगवान कुबेर एवं यमराज की पूजा का विशेष महत्व है। भगवान धन्वंतरि आरोग्य एवं आयुर्वेद के देवता, माता लक्ष्मी धन-समृद्धि की अधिष्ठात्री, कुबेर देवताओं के कोषाध्यक्ष तथा यमराज मृत्यु के देवता माने जाते हैं। धनतेरस पर यमराज के निमित्त दक्षिण दिशा में दीपदान करने की परम्परा है। गुरुग्राम में प्रदोष काल शाम 5:34 से रात्रि 8:10 बजे तक तथा स्थिर वृषभ लग्न में विशेष पूजन मुहूर्त शाम 6:03 से 7:59 बजे तक रहेगा। राहुकाल प्रात: 10:43 से दोपहर 12:05 बजे तक रहेगा 7 नवम्बर, शनिवार को नरक चतुर्दशी अर्थात छोटी दीपावली मनाई जाएगी। यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण द्वारा नरकासुर के वध की स्मृति से जुड़ा है। इस दिन अभ्यंग स्नान, घर की स्वच्छता एवं दीप प्रज्वलन का विशेष महत्व है। कथावाचक पं. अमर चन्द भारद्वाज ने बताया कि 8 नवम्बर, रविवार को दीपावली एवं महालक्ष्मी पूजन होगा। अमावस्या तिथि प्रात: 11:28 बजे से प्रारम्भ होकर 9 नवम्बर को दोपहर 12:32 बजे तक रहेगी। प्रदोष काल शाम 5:32 से रात्रि 8:09 बजे तक तथा स्थिर वृषभ लग्न में



महालक्ष्मी पूजन का विशेष शुभ मुहूर्त शाम 5:55 से 7:51 बजे तक रहेगा। इस दिन भगवान गणेश, माता महालक्ष्मी, माता सरस्वती, भगवान विष्णु एवं कुबेर जी का पूजन किया जाता है। पूजन में गणेश मंत्र ॐ गं गणपतये नम:, लक्ष्मी मंत्र ॐ श्रीं महालक्ष्म्यै नम:, सरस्वती मंत्र ॐ ऐं सरस्वत्यै नम: तथा कुबेर मंत्र ॐ यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय नम: का श्रद्धापूर्वक जप करना चाहिए। पूजा स्थल पर चौकी स्थापित कर गणेश-लक्ष्मी की प्रतिमा, कलश, रोली, अक्षत, पुष्प, धूप, दीप, फल एवं मिठाई अर्पित करें। बही-खातों और तिजोरी का पूजन कर माता लक्ष्मी की आरती करें तथा घर के मुख्य द्वार, मंदिर एवं तुलसी के पौधे के समीप दीपदान अवश्य करें। 9 नवम्बर, सोमवार को सोमवती अमावस्या का विशेष संयोग रहेगा। इस दिन गंगा स्नान, पितृ तर्पण एवं दान का विशेष महत्व है। श्रद्धालु हरिद्वार में अथवा अपने निकट के पवित्र जलाशय पर स्नान-दान कर सकते हैं। पितरों के निमित्त ॐ पितृभ्यो स्वधा नम: मंत्र का जप करें। 10 नवम्बर, मंगलवार को विश्वकर्मा पूजा, गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा। गोवर्धन पूजा भगवान श्रीकृष्ण की उस दिव्य लीला से जुड़ी है, जब उन्होंने ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर धारण किया था। गोवर्धन पूजा का शुभ मुहूर्त दोपहर 3:20 से शाम 5:31 बजे तक रहेगा। कथावाचक पं. अमर चन्द भारद्वाज ने बताया कि 11 नवम्बर, बुधवार को भाई दूज अर्थात यम द्वितीया मनाई जाएगी। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान यमराज अपनी बहन यमुना के घर गए थे, जहां बहन ने उनका तिलक एवं सत्कार किया। प्रसन्न होकर यमराज ने भाई-बहन के प्रेम और मंगल की कामना का वरदान दिया। इसी परम्परा के अनुसार बहनें भाइयों को रोली-अक्षत का तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु एवं सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। गुरुग्राम में भाई दूज पर तिलक का शुभ समय दोपहर 1:11 से 3:21 बजे तक रहेगा। इस अवसर पर भाई भी बहनों को स्नेह एवं उपहार देकर उनके सम्मान और प्रसन्नता का ध्यान रखें

(नोट: खबर के साथ कथावाचक पं. अमर चन्द भारद्वाज का छाया चित्र संलग्न है)

त्योहारों को लेकर जीआरपी हरियाणा अलर्ट, आपराधिक तत्वों पर पैनी नजर; रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में बढ़ाई गश्त

ओपन सर्च / मनरेश शर्मा नदीप कुमार



समालखा। त्योहारों के मद्देनजर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) हरियाणा ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करते हुए सतर्कता बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक रेलवे, हरियाणा श्रीमती प्रबिना पी. ने सभी थाना प्रभारियों, सीआईए यूनिट, चौकी इंचार्जों एवं खुफिया तंत्र को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दीपावली, भैयादूज सहित आगामी त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

संवेदनशील रेलवे स्टेशनों एवं क्षेत्रों में विशेष निगरानी

पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए हैं कि संवेदनशील एवं अति संवेदनशील रेलवे स्टेशनों तथा क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए। रेलवे स्टेशनों, प्लेटफॉर्म, प्रवेश एवं निकास द्वारों तथा यात्रियों की अधिक आवाजाही वाले स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी बढ़ाई जाए। माहौल खराब करने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखते हुए उनके विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दीपावली, भैयादूज सहित आगामी त्योहारों के दौरान रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों एवं सार्वजनिक स्थानों पर यात्रियों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में पुलिस की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। सभी थाना प्रभारी एवं चौकी इंचार्ज अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस बल के साथ नियमित पैदल गश्त करें, ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाएं तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष नजर रखें।

रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में बढ़ाई गश्त

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों, प्रमुख सार्वजनिक स्थानों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाई जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए वर्दी एवं सादे कपड़ों में अतिरिक्त पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर समय रहते नजर रखी जा सके। सभी थाना प्रभारियों एवं चौकी इंचार्जों को रात्रिकालीन ट्रेनों में गश्त करने तथा अपने-अपने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं।

दिन-रात नाकाबंदी, वाहन चेकिंग एवं ट्रेनों में चेकिंग पर विशेष जोर

पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए हैं कि जीआरपी क्षेत्र में दिन-रात नाकाबंदी, वाहन चेकिंग एवं ट्रेनों में चेकिंग अभियान निरंतर जारी रखा जाए। विशेष रूप से संदिग्ध परिस्थितियों में घूमने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों पर नजर रखी जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही खुफिया तंत्र को सक्रिय रखते हुए छोटी-बड़ी सूचनाएं एकत्रित करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

बीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में धूमधाम से मनाया गया 'उत्सव-ए-दीवाली 2026"

ओपन सर्च/ नरेश शर्मा



फर्रुखनगर। बीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, फर्रुखनगर में दीपावली के पावन अवसर पर 'उत्सव-ए-दीवाली 2026' का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह में संस्थान के चेयरमैन श्री बाबूलाल शर्मा जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन श्री हितेंद्र शर्मा जी, सीईओ श्री मनीष झा, डायरेक्टर डॉ. पवन परुथी तथा प्रोफेसर आरती मोहन की विशेष उपस्थिति रही।

चेयरमेन श्री बाबू लाल शर्मा जी ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल दीपावली मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए विभिन्न आकर्षक स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। रंगोली, पारंपरिक सजावट, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मनोरंजक गतिविधियों ने पूरे परिसर को उत्सवमय बना दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पटाखों के स्थान पर दीप जलाकर, प्रेम और खुशियाँ बाँटकर तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर 'सेफ दिवाली' मनाने का संकल्प लिया। यह पहल विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सराहनीय रही। 'उत्सव-ए-दीवाली 2026' ने विद्यार्थियों में आपसी सहयोग, सांस्कृतिक मूल्यों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देते हुए सभी के लिए यादगार अनुभव प्रदान किया।

नूंह क्षेत्र के गांवों में अपराध और नशे के नेटवर्क पर टूटेगा पुलिस का शिकंजा, सरपंचों के साथ थाना प्रभारी सुभाष चंद्र ने बनाई रणनीति

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। नूंह सदर थाना क्षेत्र के गांवों को अपराध, नशा और असामाजिक गतिविधियों से मुक्त बनाने के लिए थाना प्रभारी सुभाष चंद्र ने एक अनूठी पहल शुरू की है। इसके तहत उन्होंने पहली बार क्षेत्र के सभी गांवों के सरपंचों और मौजिज लोगों को एक मंच पर बुलाकर अपराधमुक्त गांव बनाने की दिशा में सामूहिक रणनीति तैयार की। रविवार को थाना प्रभारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में गोहत्या, गोतस्करी, नशा तस्करी, साइबर अपराध, ठगी और अन्य अनैतिक गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सरपंचों ने पुलिस प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी सुभाष चंद्र ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गांवों में किसी भी प्रकार का अपराध, अवैध गतिविधि और असामाजिक कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस की प्राथमिकता केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि अपराध को पनपने से पहले ही रोकना है। इसके लिए गांवों के सरपंचों, पंचायत प्रतिनिधियों और जिम्मेदार नागरिकों को पुलिस के साथ मिलकर काम करना होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि गांवों में होने वाले सभी प्रकार के अनैतिक कार्यों पर रोक लगाने के लिए पुलिस पूरी गंभीरता से काम करेगी और शिकायत या सूचना मिलने पर नियमानुसार तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

गांवों में अपराध रोकने के लिए पंचायत बनेगी पुलिस की सहयोगी

सुभाष चंद्र ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल से ही अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

सरपंच अपने गांवों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें और गोहत्या, गोतस्करी, नशे की बिक्री तथा अन्य गैरकानूनी गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान और सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि अपराधियों को किसी भी प्रकार का सामाजिक संरक्षण नहीं मिलना चाहिए।

नशा तस्करों और साइबर ठगों पर विशेष नजर

बैठक में युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और नशा तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद करता है। इसी प्रकार साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए ग्रामीणों को जागरूक करना भी जरूरी है। किसी अनजान व्यक्ति को बैंक संबंधी जानकारी, ओटीपी या अन्य गोपनीय विवरण साझा न करने की सलाह दी गई।

युवाओं को अपराध नहीं, शिक्षा और खेलों से जोड़ें

थाना प्रभारी ने सरपंचों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने गांवों में युवाओं को शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करें। युवाओं को गलत संगत, नशे और अपराध से दूर रखकर उनके बेहतर भविष्य की नींव रखी जा सकती है।

उन्होंने कहा कि गांवों में जागरूकता और सामाजिक सहयोग के माध्यम से नई पीढ़ी को सही दिशा देना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में एडिशनल थाना प्रभारी सत्यनारायण, पीएसआई सचिन, एएसआई नरेंद्र, एएसआई विजय कुमार, एएसआई अजीत सिंह, दीवान बुधराम सिंह सहित नूंह जिला सरपंच एसोसिएशन के प्रधान रफीक हथौड़ी, इमरान सरपंच अडबर, अंतराम खटाना सरपंच खेड़ली दौसा, संजय सरपंच बेंसी, वसीम सरपंच चंदेनी, इमरान सरपंच फिरोजपुर नमक, आमिर सरपंच बीबीपुर, रफाकत सरपंच रेहना, अरशद सरपंच मछरौली सहित विभिन्न गांवों के सरपंच और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

रंगोली प्रतियोगिता में एस.के. कॉलेज परखोत्तमपुर की टीम रही प्रथम



ओपन सर्च/ मनदीप कुमार

समालखा। कृष्णा कैम्पस, बहोतवास भींदू में दीपावली महोत्सव की पूर्व बेला पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें एस.के. कॉलेज, परखोत्तमपुर की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कृष्णा आदर्श कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बहोतवास की छात्राएं द्वितीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में डॉ. सचिन कुमार, डॉ. अंकुश यादव और श्रीमती निशु कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता, रंगों के संयोजन और कलात्मक प्रतिभा के आधार पर विजेताओं का चयन किया। संस्था के चेयरमैन अमित यादव ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए डॉ. विजयपाल, श्री सतपाल और श्री दीपांशु यादव की प्रशंसा की। अमित यादव ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य भावी शिक्षकों के भीतर छिपी रचनात्मक प्रतिभा को निखारना और उन्हें भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ना है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में कलात्मक अभिव्यक्ति, सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। रंगोली उत्सव दर्शकों और कॉलेज स्टाफ के लिए यादगार रहा।

पातली और धनावास के स्कूलों में बच्चों को एआई कौशल सीखने के लिए किया प्रेरित, साथ मनाई दीपावली

ओपन सर्च/ नरेश शर्मा



गुरुग्राम। सामाजिक संस्था ओसीएस फाउंडेशन ने प्रोजेक्ट पंख के अंतर्गत दीपावली उत्सव की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए गांव पातली के राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय तथा गांव धनावास के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में बच्चों के साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर बच्चों को उपहार और सर्दियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए स्वेटर भी वितरित किए गए। साथ ही उन्हें पढ़ाई, खेलकूद, चित्रकला और नई तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। संस्था के संस्थापक सदस्य नीरज दहिया ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि आज के बदलते समय में पढ़ाई के साथ नई तकनीक का ज्ञान और कौशल हासिल करना भी आवश्यक है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते महत्व पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को सरकार के स्किल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध नि:शुल्क एआई पाठ्यक्रमों का लाभ उठाने और प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि बच्चों को एआई पाठ्यक्रमों से जुड़ने और उन्हें पूरा करने के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं एवं सहयोग संस्था की ओर से उपलब्ध कराए जाएंगे। पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरे कर प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संस्था की ओर से पुरस्कृत भी किया जाएगा। नीरज दहिया ने बच्चों को पढ़ाई में अच्छे अंक प्राप्त करने और प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यार्थियों को भी संस्था पुरस्कार देकर सम्मानित करेगी। साथ ही बच्चों को चित्रकला, स्केचिंग, खेलकूद और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

इस अवसर पर संस्था के संस्थापक सदस्य नीरज दहिया, रोहित ग्रोवर, अमरदीप, अंजलि, मनमोहन गुप्ता और प्रदीप उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मौजूद अध्यापकगण और बच्चों ने सभी सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना तथा उन पर अमल करने का वादा किया। ओसीएस फाउंडेशन का प्रोजेक्ट पंख बच्चों को शिक्षा, अनुभव आधारित गतिविधियों और व्यक्तित्व विकास के अवसरों से जोड़ने की पहल है।

मेवात इंजीनियरिंग कालेज को बचाने की नहीं, मेवात को बचाने की लड़ाई है : हर्ष चिकारा

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। हरियाणा वक्फ बोर्ड द्वारा संचालित मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज (पल्ला) में बुनियादी सुविधाओं और वेतन विसंगतियों को लेकर चल रहा आंदोलन अब गंभीर मोड़ पर पहुंच गया है। कॉलेज के स्टाफ और छात्रों द्वारा पिछले 35 दिन से चल रहे धरने में गुरुवार को हरियाणा के वरिष्ठ समाजसेवी हर्ष चिकारा पहुंचे और धरने पर बैठे छात्रों को अपना समर्थन दिया। नूंह वक्फ इंजीनियरिंग कॉलेज, पल्ला में पहुंचने पर हर्ष चिकारा वक्फ बोर्ड प्रशासक और प्रशासन सहित हरियाणा सरकार पर जमकर बरसे। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में मौजूदा सरकार लगभग 91 हजार स्कूल और कॉलेजों को बंद कर चुकी है। मेवात के इस वक्फ इंजीनियरिंग कॉलेज को बंद नहीं होने दिया जाएगा। हर्ष चिकारा ने कहा कि यह मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज को बचाने की नहीं, मेवात को बचाने की लड़ाई है। जब तक इसका समाधान नहीं हो जाता, तब तक मैं यहीं रुककर मेवात की जनता के साथ यहीं बैठकर धरना-प्रदर्शन में शामिल होकर समाधान की मांग करूंगा। उन्होंने कहा कि इस इंजीनियर कालेज से पढ़ लिखकर मेवात के हजारों बच्चों ने अपना और मेवात का नाम रोशन किया है। लेकिन सरकार नही चहाती की मेवात के बच्चे भी बेहतर शिक्षा हासिल करें। उन्होंने कहा कि पिछले 35 दिनों से धरने पर बैठने के बाद भी सुनवाई न होने से नाराज दो छात्र पिछले 7 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे हैं, जिनकी तबीयत लगातार बिग ड़ती जा रही है। अगर इन छात्रों के साथ कुछ हुआ तो उसके जिम्मेदार चौधरी जाकिर हुसैन होंगे।

क्या है छात्रों की मांग -

छात्रों और स्टाफ का कहना है कि कॉलेज की स्थापना के 16 साल बाद भी लैब, लाइब्रेरी, फैकल्टी, हॉस्टल और भवन जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलीं। टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ की वेतन विसंगतियां भी वर्षों से दूर नहीं की गईं। इसी को लेकर छात्र और कर्मचारी वक्फ बोर्ड प्रशासक के खिलाफ नारेबाजी कर धरने पर बैठे हैं।

15 राज्यों के 744 विद्यार्थियों का भविष्य दांव पर - हिदायत कमांडो

मेवात के वरिष्ठ समाजसेवी हिदायत कमांडो ने कहा कि इस कॉलेज में हरियाणा सहित 15 राज्यों के 744 विद्यार्थी 5 ट्रेडों में पढ़ाई कर रहे हैं। आंदोलन के कारण उनकी पढ़ाई और शैक्षणिक सत्र बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। छात्रों की मांग है कि कॉलेज में जल्द से जल्द सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि इस कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य संवर सके।

शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से आयोजित हुआ भव्य दीपावली मेला

ओपन सर्च/ नरेश शर्मा



झज्जर। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, जादू के शो, लोकनृत्यों और स्वादिष्ट व्यंजनों ने बांधा समां। मेले में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अतिथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्सव का भरपूर आनंद उठाया। मेले का शुभारंभ गांव पातली के सरपंच श्री प्रितेश जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मनमोहक लोकनृत्यों, जादू के शो, मनोरंजक खेलों के स्टॉल, स्वादिष्ट व्यंजनों के फूड स्टॉल तथा विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विज्ञान के आकर्षक मॉडल्स ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभिभावकों ने भी बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया और मेले में लगे खान-पान के स्टॉल पर अनेक स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव, उमंग और उल्लास का माहौल देखने को मिला इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक श्री सुरेंद्र मेहलावत एवं श्री सुनील पिलानिया ने सभी अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ आपसी सहयोग, रचनात्मकता और सामाजिक सहभागिता का अवसर प्रदान करते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मंजू श्रीवास्तव ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने व्यस्त समय में से समय निकालकर विद्यालय पहुंचे और बच्चों के साथ मेले का आनंद लिया, इसके लिए विद्यालय परिवार उनका हृदय से धन्यवाद करता है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी से ऐसे आयोजन और भी यादगार बन जाते हैं। अंत में सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। यह भव्य मेला विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए मनोरंजन, उत्साह एवं खुशियों से भरा एक यादगार अनुभव बन गया।

सड़क सुरक्षा और आपदा प्रबंधन में युवाओं को किया जा रहा प्रशिक्षित

युवा आपदा मित्र योजना एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत युवाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। युवाओं को सड़क दुर्घटनाओं एवं प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत और बचाव कार्यों के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से जिले के सद्भावना मंडप में युवा आपदा मित्र योजना-2026 तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान 2026-27 के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को आपात परिस्थितियों में त्वरित सहायता पहुंचाने, घायलों को प्राथमिक उपचार देने, जीवनरक्षक तकनीकों तथा सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नूंह एवं हरियाणा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार के सहयोग से युवा आपदा मित्र योजना-2026 के तहत यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके साथ ही हरियाणा राज्य रेडक्रॉस सोसायटी, जिला रेडक्रॉस सोसायटी नूंह तथा क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण विभाग के सहयोग से सड़क सुरक्षा नियमों के पालन एवं जीवनरक्षक तकनीकों के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला रेडक्रॉस सोसायटी नूंह के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश सिंह मलिक युवाओं को सड़क दुर्घटनाओं एवं आपदाओं के समय राहत एवं बचाव कार्यों की बारीकियां समझा रहे हैं। प्रशिक्षण में घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने, प्राथमिक उपचार देने तथा आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध करवाने के तरीकों की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा युवाओं को हृदय गति रुकने की स्थिति में जीवन बचाने के लिए सीपीआर तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उन्हें बताया जा रहा है कि आपातकालीन परिस्थितियों में सही समय पर प्राथमिक उपचार एवं जीवनरक्षक सहायता उपलब्ध करवाकर किसी व्यक्ति की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है। अभियान के तहत आमजन को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। युवाओं को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाने के साथ-साथ उन्हें आपदा एवं सड़क दुर्घटना जैसी आपात परिस्थितियों में दूसरों की सहायता करने के लिए तैयार करना है, ताकि प्रशिक्षित युवा आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन एवं बचाव दलों के सहयोगी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश समुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

वी बी जीरामजी में पारदर्शिता के साथ सवाया रोजगार : डॉ. चौहान

चार जिलों के अधिकारियों ओर कर्मचारियों ने लिया संकल्प

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



नीलोखेड़ी। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी में वीबी राम जी के अंतर्गत अनुमत कार्यों पर आयोजित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को योजना के विभिन्न प्रावधानों, दिशा-निर्देशों, कार्यों के चयन, पात्रता, क्रियान्वयन तथा प्रशासनिक एवं तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई।संस्थान के निदेशक डॉ. चौहान ने कहा कि वीबी राम जी योजना हरियाणा ही नहीं, पूरे देश में धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित की जा रही है तथा 10.5 करोड़ से अधिक श्रमिक सक्रिय रूप से इसका लाभ उठा रहे हैं। डॉ.चौहान ने कहा कि सरकारी योजनाओं की सफलता उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन कर्मयोगी की भावना से करते हुए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जवाबदेही के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। डॉ. चौहान ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त ज्ञान एवं जानकारी का उपयोग अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्यक्षेत्र में करें, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता और कार्यकुशलता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने प्रतिभागियों से आपसी समन्वय बनाए रखते हुए ग्रामीण विकास के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के सहायक आचार्य कमलदीप सांगवान ने विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से योजना से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के क्षमता निर्माण कार्यक्रम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योजनाओं की व्यावहारिक समझ विकसित करने तथा कार्यों के निष्पादन में आने वाली चुनौतियों का समाधान करने में सहायक सिद्ध होते हैं। दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वीबी राम जी के अंतर्गत अनुमत कार्यों, संबंधित दिशा-निर्देशों, कार्यों के चयन एवं प्राथमिकता निर्धारण, क्रियान्वयन प्रक्रिया तथा विभिन्न प्रशासनिक और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए विषय से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर शाकिर हुसैन, अतिरिक्त खंड कार्यक्रम अधिकारी, मोहित, कनिष्ठ अभियंता सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

अमित शाह की पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब, सड़कों पर गूंजा हरियाणा का बुलंद संदेश 'कहा मोदी जी कहीं नहीं जाएंगे!"



ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

नीलोखेड़ी । हल्का नीलोखेड़ी विधायक भगवानदास कबीरपंथी के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने दर्ज कराई उत्साहजनक उपस्थिति केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी की अगुवाई में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा बनी ऐतिहासिक करनाल की ऐतिहासिक धरती पर आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा के दौरान एक अभूतपूर्व जनसैलाब देखने को मिला। यशस्वी केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के कुशल व प्रभावी नेतृत्व में निकली इस विशाल पदयात्रा में हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं, स्थानीय नेताओं और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।पदयात्रा के दौरान नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र से विधायक श्री भगवानदास कबीरपंथी की अगुवाई में भारी संख्या में क्षेत्रवासी पहुंचे। इस दौरान करनाल की सड़कों पर देशभक्ति और सुशासन का उत्साह देखने को मिला। पूरी यात्रा के दौरान जनता और कार्यकर्ताओं के बीच एक ही बुलंद संदेश गूंजता रहा—'मोदी जी कहीं नहीं जाएंगे!' इस अवसर पर नीलोखेड़ी विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि करनाल की पावन धरा से उठी यह हुंकार आज सिर्फ एक शहर की नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा राज्य की एकजुट आवाज बन चुकी है। पदयात्रा के हर एक कदम के साथ जनता ने लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण, व्यापक जनभागीदारी और राष्ट्रहित की राजनीति के प्रति अपनी अटूट निष्ठा और एकजुटता का संदेश दिया है। विधायक कबीरपंथी ने आगे कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के मार्गदर्शन में निकली यह यात्रा अराजकतावादी शक्तियों के खिलाफ जनता का करारा जवाब है। हरियाणा की जनता आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की विकासपरक नीतियों, पारदर्शी शासन और राष्ट्र निर्माण के विजन के साथ मजबूती से खड़ी है। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने भारत माता के जयकारों और मोदी जी के समर्थन में गगनभेदी नारों से पूरे माहौल को ऊर्जावान बनाए रखा, जिसने प्रदेश में विकास और राष्ट्रवाद की बयार को और अधिक मजबूती प्रदान की है।

त्योहारों पर ऑनलाइन नहीं,दुकानदारों से करें खरीदारी ऋषभ सचदेवा

ओपन सर्च /प्रदीप मैहता



तरावड़ी। त्योहारी सीजन के चलते समाजसेवी ऋषभ सचदेवा ने कहा व्यापार से जुड़े लोगों के लिए त्योहारों का सीजन कारोबार की दृष्टि से अहम होता है ,ऐसे में ग्राहको की भी भागीदारी स्थानीय दुकानदारों के लिए राहतकारी साबित होती है,लेकिन आज देखने तो यह मिल रहा हे अधिकतर लोग ऑनलाइन शॉपिंग की ओर ज्यादा आकर्षित हो रहे हे,जो कि अपने शहर के सभी व्यापारी भाईयों के लिए कही न कही चिंताजनक हे ! उन्होंने बताया अपने शहर के बाजार काफी सजे हे ओर त्योहारों के दौरान कपड़े, जूते, मिठाइयां, सजावटी सामान, पूजा सामग्री और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की मांग बढ़ जाती है,तो ऐसे में स्थानीय बाजारों से खरीदारी करने पर अपने शहर के व्यापारियों को कारोबार बढ़ाने का अवसर मिलता है व साथ ही, बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलती है ! उन्होंने कहा ग्राहकों का ऑनलाइन खरीदारी की सुविधा की बजाए स्थानीय दुकानों से सामान खरीदना व्यापारियों के हित में महत्वपूर्ण कदम माना जाएगा क्योंकि स्थानीय दुकानों पर आप (ग्राहक) सामान को प्रत्यक्ष देखकर उसकी गुणवत्ता और कीमत की तुलना भी कर सकते हैं,आप सभी से यही अपील की स्थानीय दुकानदारों का कारोबार बढ़ाने और शहर के बाजारों में रौनक बनाए रखने के लिए त्योहारों की खरीदारी अपने आसपास की दुकानों से करे।

राशन डिपुओं के लाइसेंस के लिए 10 नवंबर तक करें ऑनलाइन आवेदनः जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक

ओपन सर्च /प्रदीप मैहता



करनाल। जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियन्त्रक ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत पात्र लाभार्थियों एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने तथा जमीनी स्तर पर सार्वजनिक सेवाओं की वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से हरियाणा अंत्योदय सरल पोर्टल पर रिक्त उचित मूल्य की दुकानों के लिए डिपो लाईसेंस जारी करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र आवेदक हरियाणा अंत्योदय सरल पोर्टल https://saralharyana.gov.in के माध्यम से 10 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। उक्त डिपो लाइसेंस के आवंटन में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला के गरीब एवं पात्र परिवारों को राशन प्राप्त करने के लिए उचित मूल्य की दुकानों (राशन डिपुओं) तक पहुंचने में होने वाली कठिनाइयों, विशेषकर मौजूदा राशन डिपुओं से दूर स्थित क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों की समस्याओं के समाधान, युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित करने तथा महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से उचित मूल्य की रिक्त दुकानों के लिए डिपो लाइसेंस जारी करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदकों की सुविधा के लिए रिक्त उचित मूल्य की दुकानों का जिलावार एवं ग्रामवार विवरण भी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट तथा संबंधित जिला प्रशासन की वेबसाइटों पर अपलोड किया गया है, ताकि इच्छुक आवेदक उपलब्ध रिक्तियों की जानकारी प्राप्त करके अंतिम तिथि 10 नवम्बर तक आवेदन कर सकें। सभी इच्छुक एवं पात्र आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे सरल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व निर्धारित दिशा-निर्देशों, निर्देशों एवं पात्रता शर्तों को भली-भांति अध्ययन कर लें। ऑनलाइन आवेदन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश, आवेदन संबंधी निर्देश एवं पात्रता शर्तें खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हरियाणा की आधिकारिक वेबसाइट https://haryanafood.gov.in](https://haryanafood.gov.in) पर उपलब्ध है। विभाग द्वारा सभी पात्र आवेदकों, विशेषकर युवाओं एवं महिलाओं से अपील की जाती है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं तथा राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने में अपना योगदान दें।

दीपावली से पहले करनाल जिला में प्रदूषण का स्तर खतरनाक, नगर में एयर क्वालिटी चिंताजनक स्तर पर पहुंची

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। दिवाली से पहले ही देश के कई शहरों में प्रदूषण का खतरा बढऩे लगा है। गुलाबी ठंड के साथ वातावरण में धुएं का ठहराव बढ़ रहा है, जिससे हवा की गुणवत्ता लगातार खराब होती जा रही है। पटाखों और पराली जलाने के कारण प्रदूषण का स्तर और बढ़ रहा है। हरियाणा में भी प्रदूषण का खतरा बढ़ गया हें। करनाल में एयर क्वालिटी चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया हैं। हालात की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बुधवार को हरियाणा के करनाल में एयर क्वालिटी इंडेक्स ए आई क्यू 911 दर्ज किया गया, जो बेहद खतरनाक स्तर है। बढ़ते प्रदूषण ने लोगों की सेहत और सांस लेने की परेशानी को लेकर चिंता बढ़ा दी है। दिवाली से पहले बिगड़ती हवा ने एक बार फिर साफ-सुथरी और प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने की जरूरत पर सवाल खड़े कर दिये है। करनाल में दमा के रोगियों के लिए चिंता बढ़ रही है। डाक्टर्स ने इसे गंभीर खतरा बाताया हैं। करनाल में डाक्टर्स ने अल सुबह सैर करने से बचने की सलाह दी हैं। प्रदेश के जाने माने चिकित्सक तथा छाती रोग विशेषज्ञ डा. नैत्रपाल ने बताया कि पदूषण बझढऩे के कारण सुबह प्रदूषण काफी नीचे स्तर पर पहुंच गया हैं।उन्होंने बताया कि आने वाले तीन माह तक बुजुर्गों के साथ दमा रोगियों तथा बीपी शुगर के मरीजों से सैर से बचना चाहिए। सैर करने का सही समय दोपहर 12 बजे के बाद का रहता हैं। समान्य तौर पर सुबह सात बजे के बाद सैर करना चाहिए। उन्होंने बताया कि सुबह पांच बजे के बाद सैर नहीं करना चाहिए। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों के परिजनों को भी आपने सीनियर सिटीजनों को अल सुबह सैर पर नहीं जाने देना चाहिए। इसके साथ ही प्रदूषण विभाग के अधिकारियों ने भी इस पर चिंता जताई है। मौसम के जानकारों के अनुसार दीपावली से पहले प्रदूषण के इस हालत तक पहुंचना चिंताजनक हैं। सीनियर सिटीजन के साथ दिल तथा दमा के मरीजों का ध्यान रख कर ही आतिशवाजी चलाएं सीनियर फिजीशियन डा. नैत्रपाल ने बताया : डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ी सावधानी बरतें प्रदेश के जाने माने चिकित्सक डा. नैत्रपाल ने कहा है कि दीपावली को सीनियर सिटीजन के साथ दिल के रोगियों तथा दमा के मरीजों का ध्यान रख कर ही आतिशवाजी चलाएं। इस दौरान सर्दी अधिक बढऩे के कारण ही कार्डियक अरेस्ट हर्ट अटेक ब्रेन हेमरेज की संख्या बढ़ जाती हैं। खास तौर पर आतिशवाजी चलने के कारण भी बुजुर्गों के साथ दिल वीपी शुगर दमा के मरीजों की परेशानियां बढ़ जाती हैं। डा. नैत्रपाल ने बताया कि मौसम को देखते हुए सुबह की सैर से बचना चाहिए। सुबह वीपी के अधिक बढऩे की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि बाहर के खाने से बचना चाहिए। इस दौरान डेंगू के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही हैं। पिछले साल की अपेक्षा इस साल अधिके डेंगू के मरीज आ रहे हैं। इस लिए सावधानी बरतने की जरूरत हैं। उन्होंने बताया कि यह पर्व खुशियों का पर्व हैं लेकिनल दूसरों की सेहत का भी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि वायरल फीवर के मरीजों की संख्या भी बढ़ी हैं। जिनके घरों में या आसपास में सीनियर सिटीजन हैं या दमा के रोगी हैं उन्हें इन लोागों का ध्यान जरूर रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि मौसम बदलने के बाद भी सभी अपनी वीपी और युगर के साथ अन्य टेस्ट नियमि करवाना चाहिए। अधिक परेशानी हो तो अपने फिजीशियन को दिखाना चाहिए। उन्होंने बताया कि मौंसम परिवर्तन के रहते कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को ध्यान में रह कर पर्व मनाना चाहिए।

गृह मंत्री अमित शाह खुद दिवाली पर प्रदर्शन कर व्यापारियों को कर गए परेशान : अशोक बुवानीवाला

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

करनाल। कांग्रेस के वरिष्ठ व्यापारी नेता अशोक बुवानीवाला ने करनाल और अंबाला में गृह मंत्री अमित शाह के प्रदर्शन को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अमित शाह कांग्रेस की एक नवंबर की रैली को व्यापारियों के लिए सही नहीं बता रहे थे, लेकिन वे खुद दिल्ली से हरियाणा आकर दिवाली के त्योहार पर प्रदर्शन करके व्यापारियों के लिए परेशानी खड़ी करके गए हैं। 24 घंटे पहले ही बाजारों में सुरक्षा के नाम पर व्यापारियों को परेशान किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की भाजपा को कॉंग्रेस की एक नवंबर की रैली से परहेज था। व्यापारियों को परेशानी के नाम पर रैली रद्द कराने की बातें कहलवाई जा रही थी। इनकी अपनी रैली क्या जायज है। हकीकत तो यह है कि कांग्रेस की रैली से बोखलाहट में बीजेपी आ गई हे। ये रैली के नाम पर अराजकता फैला रहे हैं। सिक्योरिटी वालों ने 24 घंटे पहले वहां पर शहर को बंधक बनाने जैसा काम किया। अशोक बुवानीवाला ने कहा कि भाजपा का दोहरा चरित्र अब देश के सामने आ गया है। जब कांग्रेस लोकतंत्र बचाने के लिए, वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाती है तो उसे व्यापारियों का नुकसान बताया जाता है, बाजार बंद होने की दुहाई दी जाती है। लेकिन जब भाजपा के बड़े नेता खुद सडक़ों पर उतरकर प्रदर्शन करते हैं, तो क्या उससे त्योहारों के बीच व्यापारियों को कोई परेशानी नहीं होती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की रैली से व्यापारियों को नुकसान और भाजपा के प्रदर्शन से व्यापारियों को फायदा। जनता इस दोहरे मापदंड को अच्छी तरह समझ रही है। करनाल और अंबाला जैसे शहरों में बड़ा प्रदर्शन करके, सडक़ें बंद करके, सुरक्षा के नाम पर रास्ते रोककर व्यापारियों का कितना नुकसान किया गया, इसका अंदाजा शायद भाजपा को नहीं है। अशोक बुवानीवाला ने कहा कि अमित शाह दिल्ली से चलकर हरियाणा आए और दिवाली के मौके पर प्रदर्शन करके गए। उनके काफिले के कारण अम्बाला व करनाल मे घंटों तक ट्रैफिक जाम रहा। दुकानों के सामने भीड़ लगी रही, ग्राहक बाजार नहीं पहुंच पाए। जो रगड़ी पटरी वाले व्यापारी दिवाली पर थोड़ा मुनाफा कमाना चाहता था, उसका धंधा चौपट हो गया। क्या यही व्यापारी हित है। क्या यही भाजपा का व्यापारियों के प्रति प्रेम है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस की एक नवंबर की रैली वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत थी। वह रैली लोकतंत्र को बचाने के लिए थी, किसी एक व्यक्ति या पार्टी के लिए नहीं थी। उस रैली में कांग्रेस ने वोट चोरी के सबूत देश के सामने रखे थे। लेकिन भाजपा को वह रैली हजम नहीं हुई। भाजपा नेताओं ने उसे व्यापारियों के खिलाफ बता दिया। उन्होंने कहा कि अगर लोकतंत्र बचेगा तभी व्यापारी बचेगा, तभी बाजार बचेगा। वोट चोरी करके बनी सरकार व्यापारी का भला नहीं कर सकती।बुवानीवाला ने आगे कहा कि सबसे बड़ा मजाक तो यह है कि सरकार भाजपा की है। केंद्र में भाजपा की सरकार है, हरियाणा में भाजपा की सरकार है, पुलिस, प्रशासन सब भाजपा के पास है, फिर भी भाजपा नेता कह रहे हैं कि लोकतंत्र खतरे में है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, सरकार आपकी, सिस्टम आपका, फिर लोकतंत्र को खतरा किससे है। क्या आप खुद से ही खतरा बता रहे हैं। यह देश सब देख रहा है। जनता जानती है कि असली खतरा किसको है। उन्होंने कहा कि असल में लोकतंत्र को खतरा भाजपा की सोच से है। जो पार्टी विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है, जो चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग करती है, जो वोटों में हेराफेरी करती है, वही लोकतंत्र के लिए खतरा है।

दीपावली का पर्व प्रकाश, खुशहाली और सकारात्मकता का प्रतीक : विधायक भगवानदास कबीरपंथी

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

नीलोखेड़ी । नीलोखेड़ी हल्के के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने दीपावली के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों एवं हल्कावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली केवल दीपों और रोशनी का त्योहार ही नहीं, बल्कि सुख, समृद्धि, सकारात्मकता, प्रेम और आपसी भाईचारे का संदेश देने वाला महान पर्व है। यह त्योहार हमें अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि दीपावली का पर्व हमें अपने जीवन से नकारात्मक विचारों को दूर कर नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश देता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि दीपावली को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को कम करने के लिए केवल निर्धारित मानकों वाले ग्रीन पटाखों का ही प्रयोग करें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। त्योहार की खुशियां मनाते समय हमें अपने आसपास के वातावरण, बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। विधायक कबीरपंथी ने कहा कि दीपावली का वास्तविक आनंद तभी है, जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति इस पर्व की खुशियों में शामिल हो। उन्होंने नीलोखेड़ी हल्के के नागरिकों से आह्वान किया कि वे जरूरतमंद परिवारों, गरीबों और असहाय लोगों की सहायता कर उनके घरों में भी खुशियों के दीप जलाएं। उन्होंने कहा कि समाज में प्रेम, भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखना ही हमारी भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी पहचान है। विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने मां लक्ष्मी और भगवान श्रीगणेश से प्रार्थना करते हुए कहा कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और नई उमंग लेकर आए। मां लक्ष्मी की अपार कृपा प्रत्येक परिवार पर बनी रहे तथा हर घर में खुशहाली, सौभाग्य और उन्नति के दीप प्रज्वलित हों। उन्होंने अंत में कहा कि आइए, इस दीपावली पर हम सभी स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आपसी भाईचारे और मानव सेवा का संकल्प लें तथा मिलकर एक खुशहाल, समृद्ध और प्रदूषणमुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

एसआईआर में ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में नाम नहीं तो भी भर सकेंगे फार्म-6 : डीसी

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान यदि किसी मतदाता का नाम प्रारंभिक मतदाता सूची में शामिल नहीं हुआ है तो वह मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने के लिए फॉर्म-6 भरकर आवेदन कर सकता है। यह प्रावधान सभी पात्र नागरिकों पर लागू होगा चाहे उनका नाम पहले किसी मतदाता सूची में शामिल रहा हो या नहीं। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी मतदाता का नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल नहीं है तो उसे एसआईआर के दौरान या इसके बाद मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने के लिए नए सिरे से फॉर्म-6 के माध्यम से आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में मतदाता सूची में नाम दर्ज होने के बावजूद फॉर्म-6 भरने मात्र से किसी प्रकार की गलत घोषणा या कानूनी कार्रवाई का आधार नहीं बनेगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किसी निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी द्वारा केवल इस आधार पर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी कि आवेदक का नाम पहले मतदाता सूची में शामिल था और उसने एसआईआर के दौरान अथवा उसके बाद फॉर्म-6 प्रस्तुत किया है। हालांकि, इसके लिए यह आवश्यक है कि संबंधित मतदाता का नाम किसी अन्य संसदीय व विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में पहले से दर्ज न हो तथा उसके द्वारा की गई घोषणा कानून के अनुरूप हो। उन्होंने यह भी बताया कि यह स्पष्टीकरण उन सभी पात्र मतदाताओं के लिए महत्वपूर्ण है, जिनका नाम एसआईआर की अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाता है। ऐसे मतदाता अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार आगामी विशेष अभियान अथवा मतदाता सूची के निरंतर अद्यतन के दौरान निर्धारित प्रक्रिया के तहत फॉर्म-6 प्रस्तुत कर सकते हैं।

श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी है नाथ नारायण वासुदेवा..

ओपन सर्च / वेद बहल



झज्जर । सिद्ध बाबा कांशीगिरि जी महाराज मन्दिर परिसर में चल रही कार्तिक मास की कथा में कथा वाचक पंडित पवन कौशिक ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि रमा एकादशी का बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा कि धन की देवी लक्ष्मी जी का नाम रमा है। एकादशी के दिन मां लक्ष्मी जी के रमा स्वरूप के साथ भगवान विष्णु की विधि पूर्वक पूजा की जाती है। इस अवसर पर व्रती महिलाओं ने भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर घर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। इस व्रत को करने से महालक्ष्मी की भी विशेष कृपा प्राप्त होती है। एकादशी का व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है। इस दौरान श्रद्धालुओं को रमा एकादशी कथा श्रवण कराई गई। अमृतवाणी से संकीर्तन की शुरुआत की। इस मौके पर महिला संकीर्तन मंडली की सदस्यों ने कथा के उपरांत प्रीति गाबा, शशी बहल, संध्या आर्य, सुषमा गोसाई ने श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी है नाथ नारायण वासुदेवा.. और नीलम गाबा,सन्तोष हंस, संगीता वर्मा रोजी नारंग, इंदू भूगड़ा ने तेरी लीला सबसे न्यारी न्यारी हरि हरि..भक्तों के प्यारे हरि हरि..भज मन नारायण नारायण हरि हरि...भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विशन वधवा, नारायणी सरदाना, आंचल सेठी, आशू बजाज, प्रीति गाबा, भावना काठपालिया,संध्या आर्य, अर्पित सेवक, प्रधान रमेश लखेरा सहित अन्य मौजूद रहे।

लैबर्नम पब्लिक स्कूल में हुआ दीवाली मेले का आयोजन : पंडित अनिल कौशिक

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी स्थित लैबर्नम पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को दीवाली मेले का आयोजन 'सीखेंगे आज, नेतृत्व करेंगे कल' के उद्देश्य को साकार करने वाली थीम पर करते हुए 'दीवाली डैज़ल 4.0-कौशलशाला' का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। विद्यालय निर्देशक भारत शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर कौशल विकास एवं अनुभवात्मक शिक्षा की इस अनूठी पहल में कक्षा तीसरी से नौवीं तथा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता कौशल, वित्तीय साक्षरता और व्यावहारिक जीवन-कौशल विकसित करना रहा। उन्होने बताया कि लैबर्नम विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा स्वादिष्ट खाद्य व्यंजनों एवं मनोरंजक खेलों के आकर्षक स्टॉल लगाए गए। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने स्टॉल का संचालन किया और खरीद-बिक्री की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाई। यह आयोजन उनके लिए एक जीवंत व्यावसायिक अनुभव बना, जहाँ उन्होंने वस्तुओं का मूल्य निर्धारित करना, ग्राहकों से संवाद करना, धन का लेन-देन, बजट बनाना, बचत तथा आय-व्यय का हिसाब रखना सीखा। विद्यालय निर्देशक भारत शर्मा ने बताया कि इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने उद्यमिता एवं वित्तीय प्रबंधन के साथ-साथ निर्णय लेने, नेतृत्व, टीम भावना, रचनात्मकता, समय प्रबंधन और समस्या समाधान जैसे महत्त्वपूर्ण कौशलों का भी विकास किया। इस प्रकार कौशल विकास की कक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित ना रहकर वास्तविक जीवन के अनुभवों से जुड़ गई। इस मौके पर लैबर्नम पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति चेयरमैन पंडित अनिल कौशिक ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों के हुनर, रचनात्मकता, मेहनत और आत्मविश्वास की सराहना की। इस मौके पर मौजूद विद्यार्थियों, आमंत्रितों और अभिभावकों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए लैबर्नम पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति चेयरमैन पंडित अनिल कौशिक ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ व्यावहारिक कौशल प्रदान करना आवश्यक है ताकि वे जीवन में आने वाली चुनौतियों का आत्मविश्वास से सामना कर सके और आत्मनिर्भर बने। उन्होंने विद्यार्थियों को नए कौशल सीखने तथा प्रत्येक कार्य को लगन और जिम्मेदारी से करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रधानाचार्या डाक्टर भावना छिब्बर ने विद्यार्थियों के उत्साहपूर्ण प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि गतिविधि आधारित एवं अनुभवात्मक शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। ऐसी कार्यशाला विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान को वास्तविक जीवन में लागू करने का अवसर देती हैं तथा उनमें उद्यमशीलता, आर्थिक समझ, नेतृत्व और सहयोग की भावना विकसित करते है। 'दीवाली डैज़ल 4.0-कौशलशाला' ने यह संदेश दिया कि सच्ची शिक्षा वही है, जो ज्ञान के साथ हुनर, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता भी प्रदान करे। इस पहल ने दीपावली की खुशियों को सीखने, सृजन करने और भविष्य के कुशल उद्यमी बनने के उत्साह से और भी रोशन कर दिया।

देशी घी व सरसो के दीए जलाकर मनाए दीवाली का त्यौहार : भाजपा नेता दिनेश शर्मा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन चेयरमैन रहे व भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित दिनेश शर्मा ने क्षेत्र के लोगों से दीपावली के त्यौहार को सात्विक एवं पारम्परिक ढंग से मनाए जाने का आहवान किया है। भाजपा नेता पंडित दिनेश शर्मा ने क्षेत्रवासियों को धनतेरस, दीपावली, गौवर्धन पूजा, विश्वकर्मा जयंती, भैयादौज, छठ पूजा, गुरू नानक देव प्रकाशोत्सव की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि दीपावली भारत में हिंदुओं द्वारा मनाया जाने वाला सबसे बड़ा त्यौहार है। दीपों का पर्व होने के कारण इसे दीपावली का नाम दिया गया है। उन्होने मौजूदजनों के बीच बोलते हुए बताया कि हिंदू मान्यताओं में प्रचलित है कि कार्तिक अमावस्या को प्रभु श्रीराम जी 14 वर्ष का वनवास काटकर और आसुरी वृतियों के प्रतीक रावण का संहार करके अयोध्या लौटे थे। उसी खुशी में देशी घी के दीए जलाकर खुशियां मनाई गई। भाजपा नेता पंडित दिनेश शर्मा ने कहा कि हमें दीवाली पर चाइनीज लडिय़ों को लगाने की बजाय इस पवित्र त्यौहार को प्रात: समय वैदिक रीति से हवन करके और देशी घी व सरसो के तेल के दीए जलाकर मनाना चाहिए। इससे रोग नष्ट होते है। उत्तम स्वास्थ्य और अच्छे संस्कारों का निर्माण होता है। देशी घी व तेल के दीए जलाने से पर्यावरण शुद्ध और प्रदूषण पर रोक लगती है जबकि पटाखे फोडऩे, मोमबत्तियां जलाने से वातावरण प्रदूषित होता है।

स्वतंत्रता सेनानी रहे जमनालाल बजाज से प्रेरणा ले लोग : अनिल गोयल मोंटू

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर आज महान समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी जमनालाल बजाज की जयंती के उपलक्ष्य में दूध कारोबारी व युवा अग्रवाल नेता दीपक बंसल के सानिध्य और युवा समाजसेवी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्व समाज के आमंत्रित लोगों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस मौके पर उपस्थितों के बीच बोलते हुए अग्रवाल वैश्य समाज के वरिष्ठ जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू ने कहा कि जमनालाल बजाज स्वतंत्रता सेनानी के साथ-साथ महान समाज सुधारक रहे, जिन्होने अपने जीवन में सदैव नैतिकता और राष्ट्रवाद को बढ़ावा दिया। वर्ष-1921 में असहयोग आंदोलन, वर्ष-1923 में नागपुर झंडा सत्याग्रह, वर्ष-1929 में साइमन कमीशन के बहिष्कार और वर्ष-1930 में नमक सत्याग्रह में उन्होने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया।

दीवाली से पहले सफाई कर्मचारियों को मिलेगा मानदेय-वेतन : चेयरमैन दयाराम लोहिया



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार द्वारा राज्य में पहली बार सभी सफाई कर्मचारियों को दीवाली के उपहार के रूप में एक किलो मिठाई वाले डिब्बे के साथ प्रोत्साहन राशि के रूप में 525 रुपए की धनराशि उपलब्ध कराए जाने के लिए गए निर्णय का स्वागत किया है। उन्होने बताया कि इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग की संस्तुति पर सभी विभागों, बोर्ड और निगमों व शहरी स्थानीय निकायों में कार्यरत सभी सफाई कर्मचारियों को दीपों के त्यौहार दीवाली से पहले हर कीमत पर 6 नवम्बर तक वेतन और मानदेय का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। स्थानीय मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम ने बताया कि नियमित सफाई कर्मचारियों के साथ-साथ अनुबंधित, आउटसोर्सिंग, हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड व डोर-टू-डोर के तहत लगे सफाई कर्मचारियों को भी पूरा लाभ दिया जाएगा।

सफाई कर्मचारियों को मिठाई के डिब्बे के साथ मिलेगी प्रोत्साहन राशि : डाक्टर सतीश जुनेजा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े समाजसेवी डाक्टर सतीश जुनेजा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार द्वारा राज्य में पहली बार सभी सफाई कर्मचारियों को दीवाली के उपहार के रूप में एक किलो मिठाई वाले डिब्बे के साथ प्रोत्साहन राशि के रूप में 525 रुपए की धनराशि उपलब्ध कराए जाने के लिए गए निर्णय का स्वागत किया है।

एकादशी पर श्रद्धालुओं ने की भगवान विष्णु की पूजा : आचार्य लोकेश भारद्वाज

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर बृहस्पतिवार को श्रद्धालुओं ने एकादशी का व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की। इस मौके पर बोलते हुए विद्वान पंडित आचार्य लोकेश भारद्वाज ने बताया कि एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित होती है। हर महीने में दो बार एकादशी आती है और हर एकादशी का महत्व अलग होता है। एकादशी देवी का जन्म भगवान श्री हरि विष्णु से हुआ था। विद्वान पंडित आचार्य लोकेश भारद्वाज का कहना है कि एकादशी व्रत भगवान श्री हरि विष्णु को प्रसन्न रखने के लिए रखा जाता है। इस दिन व्रत रखने से मन निर्मल और शरीर स्वस्थ होता है। इस व्रत को करने से जीवन में सुख-शांति आती है। व्रत के प्रभाव से भगवान श्री हरि विष्णु के परम धाम का वास प्राप्त होता है। संतान प्राप्ति तथा निरोगी रहने के लिए भी इस व्रत को किया जाता है। विद्वान पंडित आचार्य लोकेश भारद्वाज का कहना है कि एकादशी के दिन ब्रहमबेला में भगवान विष्णु का पुष्प, जल, धूप, दीप, अक्षत से पूजन करना चाहिए। इस व्रत में केवल फलों का ही भोग लगाया जाता है। इस दिन दान करने से कई लाख गुणा फल की वृद्धि प्राप्त होती है। एकादशी पर धूप, दीप, नैवेद्य आदि 16 सामग्री से भगवान विष्णु का पूजन तथा रात में दीपदान करना चाहिए।

'एक दीप-विद्यालय के नाम' मुहिम के तहत एनजेल्स प्लेस स्कूल में दीप जलाएंगे विद्यार्थी

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना नगरपरिषद के वार्ड-सात के तहत लगने वाले गांव लाखुवास स्थित एनजेल्स प्लेस इंटरनेशनल स्कूल प्रधानाचार्या डाक्टर अंजू जांगिड ने बताया कि छात्र-छात्राओं को अपनी सदियों से चली आ रही प्राचीन भारतीय त्यौहारों की सांस्कृतिक परम्पराओं से जोडऩे और शिक्षा रूपी मंदिर में हर विद्यार्थी के हाथों दीप प्रज्जवलित कराने के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति की तरफ से शुक्रवार, 6 नवम्बर को धनतेरस वाले दिन से दीपावली तक लगातार 3 दिन 'एक दीप-विद्यालय के नाम' मुहिम चलाई जाएगी। उन्होने बताया कि इस मौके पर मुख्यातिथि रूप में एनजेल्स प्लेस इंटरनेशनल स्कूल निर्देशक नरेन्द्र यादव व निर्देशिका श्रीमती सुनीता यादव तथा विशिष्ठ अतिथि रूप में विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा।

डीवीएम विद्यालय में दीवाली पर जगमगाएगा शिक्षा का दीप : मोहनप्रकाश कौशिक

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना में दौहला रोड़ स्थित डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रबंधन समिति चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक ने बताया कि दीवाली पर डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय में छात्र-छात्राएं शिक्षा का दीप मुहिम के तहत दीप जलाएंगे। उन्होने बताया कि दीवाली पर हर घर-आंगन में दीप जलाने की परम्परा तो सदियों से चली आ रही है लेकिन पहली बार उनके विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अपनी प्राचीन और सदियों से चली आ रही संस्कृति से जुडक़र दीप महोत्सव आयोजन में खुशियों को एक-दूसरे के साथ सांझा करने व अपने विद्यालय के प्रति सम्मान और अपनत्व का भाव सीखने का मौका मिलेगा।

चाइनीज वस्तुओं का करे बहिष्कार : समाजसेवी मोहित खट्टर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े और बाली स्वीटस ग्रुप के निर्देशक मोहित खटटर व कमल खटटर ने लोगों व मातृशक्ति से चाइनीज सामानों का उपयोग ना करने का आग्रह करते हुए उन्हे संकल्प दिलाया कि वह और लोगों को भी चाइनीज सामान का उपयोग ना करने के प्रति जागरूक बनाएंगे। इस मौके पर मौजूद लोगों के बीच बोलते हुए स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े और बाली स्वीटस ग्रुप के निर्देशक मोहित खटटर व कमल खटटर ने कहा कि वक्त-वक्त पर चीन ने पाकिस्तान को समर्थन देकर दिखा दिया है कि चीन भारत का कभी भी नजदीकी नही हो सकता है। वह नही चाहता कि भारत मजबूत बने। चीन को सबक सिखाने और सही रास्ते पर लाने के लिए उसके बनाए सामान का भारतीय बाजार में बहिष्कार जरूरी है। उन्होने बताया कि वह जल्द ही व्यापारी समुदाय की बैठक लेंगे और उन्हे चाईना के बने सामान ना खरीदे और ना बेचे जाने का आग्रह करेंगे क्योंकि चीन ने पाकिस्तान का समर्थन करके भारत को ललकारा है। ऐसे में हर भारतीय को चाहिए कि चीन के उत्पादों का त्याग करके अपना विरोध दर्ज कराए। साथ ही सरकार को चाहिए कि मेक इन इंडिया को बढ़ावा दे ताकि चाइनीज सामान का उपयोग हो ही नही पाए। चीन अपना कारोबार भारत में करे और साथ पाकिस्तान का दे। अब चलने वाला नही है। बाली स्वीटस ग्रुप के निर्देशक मोहित खटटर व कमल खटटर ने बताया कि वैसे भी चाइनीज सामान लोगों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। इससे हमारे स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंच रहा है।

उन्होने कहा कि चीन भारत से किसी भी मामले में कमजोर नही है। अपना देश वर्ष-1962 वाली स्थिति से कई वर्ष पहले आगे निकल चुका है। आज भारतीय सेना शक्तिशाली सेनाओं में से एक और अत्याधुनिक हथियारों से लैस है। यदि चीन ने पाकिस्तान का साथ दिया तो पाकिस्तान का तो नामो-निशान विश्व के मानचित्र से तो मिटेगा ही, चीन को भी उसकी औकात पता चल जाएगी।

सोहना में अग्र शिरोमणि स्वर्गीय बनारसी दास गुप्ता की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना में वैश्य शिरोमणि तथा राज्य के भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बाबू बनारसी दास गुप्ता जयंती के उपलक्ष्य में उनकी स्मृति में यहां पर बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम का आयोजन अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान और अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष सेठ विजय अग्रवाल के सानिध्य और अग्रवाल वैश्य समाज के हलका प्रधान मास्टर सतीश गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल, समाज के जुझारू नेता व अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान जयप्रकाश गुप्ता सर्राफ, स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग, नगरपालिका चेयरमैन रहे सुभाष गुप्ता, किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान रविन्द्र गोयल रब्बन, पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र मित्तल व बालकिशन गोयल, सेवानिवृत एसडीओ प्रहलाद गुप्ता, रंगमंच कलाकार लाला देशराज गोयल, महेश आर्य, लाला यादराम आढ़ती, डाक्टर महेश गोयल, केशवदेव जिंदल, अग्रवालसभा के पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप गर्ग, नगरपार्षद नीरज सिंगला आदि समेत प्रमुखजनों के अलावा आमंत्रित लोगों व अग्रवाल सभा की अंतरंग कार्यसमिति से जुड़े सदस्यों व पदाधिकारियों ने समर्थकों के साथ बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपस्थितों के बीच अपने संबोधन में हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल, अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान और अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष सेठ विजय अग्रवाल, स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग, अग्रवाल वैश्य समाज के हलका प्रधान मास्टर सतीश गर्ग, जयप्रकाश गुप्ता सर्राफ समेत अग्रवाल समाज के उपरोक्त कद्दावर नेताओं ने स्वर्गीय बाबू बनारसी दास गुप्ता को अग्रवाल समाज का मसीहा और सर्वजातीय वर्ग समाज का प्रबल हितैषी बतलाते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानी और गांधीवादी नेता बाबू बनारसी दास गुप्ता चाहे राज्य के मुख्यमंत्री रहे अथवा सांसद उन्होनें सदैव अपने निजी स्वार्थों से दूर रहते हुए ना केवल समाज हितों के कार्यों को बढ़ावा दिया बल्कि सदैव नारी शिक्षा को बढ़ावा दे दहेज, शराब, धूम्रपान, नशाखोरी, मांसाहार, भ्रूण हत्या आदि सामाजिक बुराईयों के खिलाफ जबरदस्त तरीके से जनचेतना अभियान चलाते हुए रचनात्मक कार्यों को बढ़ावा देने में कोई कसर बाकी ना छोड़ी और मरते दम तक विभिन्न दर्जनों संस्थाओं से उनका जुड़ाव इस बात का प्रतीक है कि उनका जीवन ताउम्र समाज के प्रति समर्पित रहा। इस कार्यक्रम में उपस्थित अग्रवाल समाज के लोगों ने भूतपूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास गुप्ता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके दिखाए रास्ते पर चलने का प्रण भी सामूहिक रूप से लिया है।

बम-पटाखों की बजाय दीपक जलाकर मनाए प्रदूषण मुक्त दीवाली : सतेन्द्र गर्ग बंटी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर रंगमंच संस्था श्री शानदार रामलीला क्लब के कार्यकारी प्रधान सतेन्द्र गर्ग बंटी और युवा अग्रवाल नेता अंश गर्ग ने क्षेत्रवासियों से प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि दीपावली दीपों का त्यौहार है लेकिन हमें ऊर्जा बचाने के लिए अपने घरों पर लगने वाली लाइटों का कम से कम प्रयोग करना चाहिए और 60 व 100 वाट के बल्बों के स्थान पर एलईडी, 6, 9, 12 व 18 वाट की सीएफएल व स्लिम टयूब लाइटों को इस्तेमाल में लाना चाहिए। श्री शानदार रामलीला क्लब के कार्यकारी प्रधान सतेन्द्र गर्ग बंटी और युवा अग्रवाल नेता अंश गर्ग ने बताया कि दीवाली पर बमों व पटाखों से त्यौहार मनाना कोई अनिवार्य नहीं है। अपनी खुशी का इजहार तो मिठाई, उपहारों, रंगोली व दीयों के साथ कर सकते है। त्यौहार का सही आनंद स्वच्छ व प्रदूषण रहित वातावरण में ही आएगा। श्री शानदार रामलीला क्लब के कार्यकारी प्रधान सतेन्द्र गर्ग बंटी और युवा अग्रवाल नेता अंश गर्ग ने दीवाली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोग अपने घर को दीयों से सजाए। इससे बिजली की खपत कम होगी। त्यौहारों के अवसर पर बिजली की बढती मांग के मददेनजर बचत करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने बम-पटाखों से होने वाले नुकसान और प्रदूषण से होने वाली हानियों से अवगत कराते हुए बताया कि धुएं से दमा, ब्रोकाईटिस और दिल का दौरा पडने जैसी अन्य अनेक बीमारियां पैदा होती है। पटाखे छोडने से प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक बढ जाता है जोकि बहुत हानिकारक है। इससे आप और हम सब मिलकर ही छुटकारा पा सकते है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वह स्वयं

26 को संविधान दिवस पर होगा विधानसभा विशेष सत्र का आयोजन : विधायक मुकेश शर्मा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। भाजपा विधायक पहलवान मुकेश शर्मा का आज शिवनगरी सोहना में भाजपा नेता व नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला के यहां पहुंचने पर भाजपा नेता पंकज सिंगला और और श्री शिवकुम्भ साखमजती अधमर्षण रक्षा सभा के वरिष्ठ उपप्रधान संदीप सिंगला कालू की अगुवाई में व्यापारियों, अग्र समाज समेत सर्व समाज के लोगों ने बुक्के देकर व फूलमालाएं पहनाकर शानदार स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाउपाध्यक्ष और पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, सोहना व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी, रंगमंच कलाकार लाला देशराज गोयल, भाजपा सोहना मंडल के अध्यक्ष सौरभ सिंगला, भाजपा किसान मोर्चा में दमदमा मंडल अध्यक्ष जगमेन्द्र खटाना लोहटकी, भाजपा किसान मोर्चा में भौंड़सी मंडल के अध्यक्ष सरपंच सुरज्ञान सिंह, नगरपार्षद नीरज सिंगला, बाबा खाटूश्याम के भक्त कपिल गर्ग धोजिया, भाजपा नेता चिराग सिंगला, युवा अग्रवाल नेता सुनील अग्रवाल, सौरभ सिंगला आदि प्रमुखजनों समेत खासी तादाद में भाजपा कार्यकर्ता और जेन जी उल्फा मौजूद रहे। इस मौके पर क्षेत्र व जिलावासियों को धनतेरस तथा दीपों के त्यौहार दीपावली, गौवर्धन पूजा, विश्वकर्मा जयंती, भाईदूज, श्री गुरू नानक देव पर्व की बधाई देते हुए बताया कि इस बार संविधान दिवस पर 26 नवम्बर को हरियाणा विधानसभा के विशेष सत्र का आयोजन होगा। उन्होने बताया कि इस विशेष सत्र में भारतीय लोकतंत्र संवैधानिक मूल्यों और संसदीय परम्पराओं के प्रतिबद्धता का प्रतीक होगा।

विधायक पहलवान मुकेश शर्मा ने बताया कि संविधान दिवस को समर्पित इस विशेष सत्र को अगले 2 से 3 दिनों के लिए बढ़ाकर शीतकालीन सत्र में भी बदला जा सकता है। इस मौके पर बोलते हुए उन्होने भाजपा नेता पंकज सिंगला के परिवार को अपना परिवार बताया और कहा कि वह बाबा खाटूश्याम के तो परम भक्त है ही, शिवनगरी सोहना से भी उनका विशेष लगाव है और पंकज सिंगला उनके छोटे भाई समान है।

पटाखों से बचाए पैसों को गरीबों पर खर्च किया जाए : रोहित गर्ग

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर बृहस्पतिवार को स्थानीय शहर पुलिस चौकी के सामने स्थित अग्रवाल धर्मशाला में दीपावली के उपलक्ष्य में मिलन एवं मिठाई वितरण समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग ने अग्रवालसभा की तरफ से कर्मचारियों के बीच मिठाई के साथ-साथ प्रोत्साहन राशि उपहार स्वरूप भेंट की। इस अवसर पर उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग ने मौजूद लोगों को धनतेरस, दीवाली, गौवर्धन, विश्वकर्मा जयंती, भैयादौज, गंगास्नान की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि दीवाली दीपों का त्यौहार है। मनुष्य को अपने अंदर की बुराईयों को नष्ट कर ज्ञान के दीपक का प्रकाश फैलाना चाहिए। तभी दीवाली की सार्थकता है। उन्होंने बताया कि हिंदू धर्म के अनुसार भगवान राम 14 वर्ष का वनवास काटकर अयोध्या वापिस लौटे थे। उसी दिन भगवान महावीर स्वामी को मोक्ष प्राप्त हुआ था। इस मौके पर मौजूद लोगों ने प्रण लिया कि इस बार वह सपरिवार फूलों और मिठाई से ही दीवाली मनाएंगे और लोगों को इस बात के लिए जागरूक बनाएगे कि वह पटाखे और प्रदूषण मुक्त दीपावली धूमधाम से मनाए। इस मौके पर सोहना बार एसोसिएशन और अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान रजनीश अग्रवाल एडवोकेट, रंगमंच संस्था श्री शानदार रामलीला क्लब से जुड़े रंगमंच कलाकार लाला देशराज गोयल, नरेश गोयल, युवा अग्रवाल नेता अशोक गर्ग रेडीमेड वाले जेवरात सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन से जुड़े पंकज गुप्ता सर्राफ, नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन और दवा विक्रेता व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान सुभाष सिंगला आदि प्रमुखजनों समेत आमंत्रित लोग भी मौजूद रहे।

ग्रीन पटाखे चलाए-प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाए : डाक्टर प्रवीण यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर खेलस्टेडियम के सामने स्थित वरदान अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने लोगों को दीपावली पर पटाखे ना चलाने का आग्रह किया है ताकि प्रदूषण पर रोक लगे। पर्यावरण को बढ़ावा मिले। उन्होने कहा कि आज बच्चे पटाखे चलाने को प्राथमिकता देते है। यदि पटाखे चलाने ही है तो सुरक्षित तरीके से हल्के बारूद वाले ग्रीन पटाखे चलाए। जिससे ध्वनि प्रदूषण कम होगा। उन्होने लोगों को परामर्श दिया है कि बच्चों को हल्के ग्रीन पटाखे खरीद कर दे। पटाखे चलाते वक्त बच्चों के साथ रहे। किसी भी पटाखे को चलाने के लिए उचित दूरी बनाना जरूरी है। एक लकड़ी पर मोमबत्ती बांधकर रखे ताकि पटाखों को चलाते वक्त उचित दूरी बनी रहे। वरदान अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने कहा कि अगर व्यक्ति के कपड़ों में आग लग जाए तो उस पर पानी ना डाले। कोई भी कंबल या सूती कपड़ा डालकर आग बुझाए। आग लगने पर यदि व्यक्ति अकेला है तो जमीन पर लेटकर अपने शरीर को पलटी मारना शुरू करे। ऐसे में आग बुझ जाएगी। अगर पटाखा चलाते समय हाथ या शरीर पर बारूद लगा है तो ठंडे पानी से साफ करे। जले हुए हिस्से पर तेल आदि कुछ ना लगाए।

शहीदों की याद में जलाए जाए दीवाली पर दीए : विधायक तेजपाल तंवर



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना विधानसभा क्षेत्र के मौजूदा भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीपावली पर वह अमर वीर योद्धाओं और शहीदों के सम्मान में दीप जलाकर उनकी दी गई शहादत को याद करे। शहीदों की दी गई कुर्बानी की बदौलत ही आज हम खुली हवा में चैन की सांस ले रहे है। उन्होने बताया कि पूर्वजों की स्मृति में आकाश दीप जलाने की परम्परा रही है और आकाश दीप से जुड़े कथानकों में ऐसी मान्यता है कि महाभारत युद्ध में प्राण विसर्जित करने वाले वीरों की स्मृति में भीष्म ने कार्तिक महीने में दीप मालिकाओं से उन्हे सन्तप्रण दिया था। इसलिए हमें चाहिए कि पूर्वजों की याद में जलाए जाने वाले दीपों के साथ-साथ मां भारती के लिए शहादत देने वाले शहीदों की याद में भी दीप जलाए जाए। भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने धनाढय लोगों से आग्रह किया है कि वह दीवाली का त्यौहार झुग्गी-झोपडिय़ों में रहने वाले परिवारों को मिठाई, नमकीन, पाठय सामग्री और दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं को उपहार में देकर मनाते हुए अमीर-गरीब के बीच की खाई को पाटने में अहम भूमिका निभाए।

बच्चों पर अधिक अंक लाने का दबाव डालने की बजाय उन्हे स्वतंत्र व सकारात्मक माहौल दे : शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा में जिलाउपाध्यक्ष व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना सिरसका ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित कक्षा दसवीं व 12वीं की परीक्षाएं फरवरी-मार्च महीनों में आयोजित की जाएगी। उन्होने अभिभावकों से आग्रह किया कि वह बच्चों पर अधिक अंक लाने का दबाव डालने की बजाय उन्हे स्वतंत्र व सकारात्मक माहौल दे। अच्छी बात यह है कि नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद पूरे देश के सभी बोर्डों का पाठयक्रम लगभग एक समान हो गया है और अब राज्य में भी एनसीईआरटी की पुस्तकें पढाई जा रही है, जो सीबीएसई पाठयक्रम के अनुरूप है।

किसानों को जैविक खाद पर मिलेगी 80 फीसदी सब्सिडी : भाजपा नेता हरीश नंदा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष तथा नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने बृहस्पतिवार को यहां किसान मोर्चा कार्यालय में आयोजित किसान परिवार मिलन समारोह में मौजूद किसानों को जहां धनतेरस, दीपावली, गौवर्धन पूजा, विश्वकर्मा जयंती, भैयादौज, छठ पूजा, गुरू नानक देव प्रकाशोत्सव की अग्रिम बधाई दी, वही किसानों को जैविक खाद के जरिए खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार ने राज्य में किसानों को जैविक खाद की खरीद पर रिकार्ड 80 प्रतिशत तक सब्सिडी देने का निर्णय लिया है, वही छोटी पैकिंग में जैविक खाद बेचने वाले खाद विक्रेताओं को लाइसेंस संबंधी नियमों में भी छूट दी गई है। भाजपा नेता हरीश नंदा राजू ने बताया कि 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को इस योजना का सर्वाधिक लाभ मिलेगा और खेती में रसायनिक खादों पर निर्भरता कम होगी। अच्छी बात यह है कि 5 किलो तक पैकिंग वाले जैविक खाद बैग के साथ-साथ सरकार ने 10 मीट्रिक टन जैविक खाद का स्टॉक रखने वाले डीलरों को भी नियमों में राहत देने वाली योजना चलाई है।

दीपों का त्यौहार दीवाली गरीबों के साथ मिल-जुलकर मनाए : अशोक बंसल



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय मार्किटकमेटी उपचेयरमैन अशोक बंसल ने क्षेत्रवासियों को धनतेरस, दीपावली, गौवर्धन पूजा, विश्वकर्मा जयंती, भैयादौज, छठ पूजा, गुरू नानक देव प्रकाशोत्सव की अग्रिम बधाई देते हुए सर्व समाज के लोगों से आग्रह किया है कि वह अपने घरों में अनुपयोगी पुराने कपड़े, किताबों, बैग, खिलौने, जूते आदि इधर-उधर चौक-चौराहों और कूड़े के ढेर में फेकने की बजाय जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराकर जरूरतमंद लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम करे। भाजपा नेता अशोक बंसल ने बताया कि हर घर में ऐसे कपड़े, खिलौने, स्कूल बैग, किताबें, टिफिन, बोतल, जूते होते है, जिनका इस्तेमाल अब परिवार के सदस्य नही करते और कई बार इन्हे बेकार समझ कर फेक दिया जाता है जबकि यह वस्तुएं किसी भी जरूरतमंद बच्चे, व्यक्ति के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकते है। उन्होने कहा कि दीवाली दीपों का त्यौहार है।

गरीब, अनाथ, बेसहारा बच्चों में मिठाई व प्यार बांटकर मनाए दीपावली का त्यौहार : लायन सुरजीत अरोड़ा

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): स्थानीय लायंसक्लब के पूर्व प्रधान लायन सुरजीत अरोड़ा ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीपावली के त्यौहार पर वह पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने। उन्होने कहा कि लोगों को अपने घरों में 60, 100 और 200 वाट के बल्बों की बजाय एलईडी व स्लिम टयूब लाईटों का इस्तेमाल करना चाहिए। जिससे बिजली की खपत कम होगी। पर्यावरण संतुलित रहेगा। लायन सुरजीत अरोड़ा ने कहा कि दीपावली का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है और खुशी का इजहार मिठाई, उपहार, रंगोली, मिटटी निर्मित दीयों में देशी घी डालकर उनसे रोशनी कर तथा गरीब, अनाथ, बेसहारा, बच्चों में खुशियां, मिठाई और प्यार बांटकर कर सकते है। उन्होने बताया कि उन्होने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वह दीपावली के त्यौहार पर वह पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने। साथ ही आम जनमानस को भी जागरूक बनाने में आगे आए ताकि एक नई और अच्छी पहल की शुरूआत हो। समाज और देश को नई दिशा मिले।

महान समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी रहे जमनालाल बजाज : दीपक गर्ग होंडा

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर आज महान समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी जमनालाल बजाज की जयंती के उपलक्ष्य में युवा समाजसेवी श्याम मंगला की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्व समाज के आमंत्रित लोगों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस मौके पर उपस्थितों के बीच बोलते हुए अग्रवाल युवा नेता दीपक गर्ग ने कहा कि जमनालाल बजाज स्वतंत्रता सेनानी के साथ-साथ महान समाज सुधारक रहे, जिन्होने अपने जीवन में सदैव नैतिकता और राष्ट्रवाद को बढ़ावा दिया। वर्ष-1921 में असहयोग आंदोलन, वर्ष-1923 में नागपुर झंडा सत्याग्रह, वर्ष-1929 में साइमन कमीशन के बहिष्कार और वर्ष-1930 में नमक सत्याग्रह में उन्होने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया।

विट कॉलेज में दीवाली मेला उत्सव का हुआ आयोजन : शिक्षाविद नरेन्द्र बोकन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रांगण में धनतेरस की पूर्व संध्या पर बृहस्पतिवार को दीवाली मेला उत्सव और 2 दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं के समापन पर प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कॉलेज प्रबंधन महासचिव अभिमन्यु बोकन की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कॉलेज प्राचार्य डाक्टर संजय कौशिक ने बताया कि इस मौके पर दीवाली मेला उत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह में सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति चेयरमैन नरेन्द्र बोकन मुख्यातिथि रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक श्रीमती मोनिका बोकन और सोनू ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्यातिथि पद से बोलते हुए सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति चेयरमैन नरेन्द्र बोकन ने मौजूद विद्यार्थियों, अभिभावकों, आमंत्रितों, प्राध्यापकों और कॉलेज स्टॉफ समेत आसपास गांवों से आए ग्रामीणों को धनतेरस, दीपावली, गौवर्धन पूजा, विश्वकर्मा जयंती, भैयादौज, छठ पूजा, गुरू नानक देव प्रकाशोत्सव की अग्रिम बधाई दी और दीवाली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दीपों का त्यौहार दीवाली हम सभी को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। यह त्यौहार अंधेरे को दूर कर प्रकाश की तरफ चलने की प्रेरणा देता है। उन्होने कहा कि आज के आधुनिक युग में प्रत्येक व्यक्ति विशेषकर बच्चों और बालिकाओं को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में हिस्सा लेना जरूरी है क्योकि खेलों में हिस्सा लेने से जहां शरीर निरोगी व हष्ट-पुष्ट रहता है, वही अनुशासन की भावना भी बढ़ती है। इस मौके पर उन्होने विभिन्न खेल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले खिलाडिय़ों के साथ-साथ प्रतिभागी टीमों को भी पुरस्कृत किया।

ड्राईफ्रूट और मिठाईयों का आदान-प्रदान कर मनाए दीवाली का त्यौहार : कांग्रेस नेता महेश घोडारोप

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि वह दीवाली का त्यौहार ड्राईफ्रूट और मिठाईयों का आदान-प्रदान कर खुशियों को एक-दूसरे से सांझा करके मनाए। उन्होने क्षेत्रवासियों से प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि दीपावली दीपों का त्योहार है लेकिन हमें ऊर्जा बचाने के लिए अपने घरों पर लगने वाली लाइटों का कम से कम प्रयोग करना चाहिए और 60 व 100 वाट के बल्बों के स्थान पर एलईडी, 6, 9, 12 व 18 वाट की सीएफएल व स्लिम टयूब लाइटों को इस्तेमाल में लाना चाहिए। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने बताया कि दीवाली पर बमों व पटाखों से त्योहार मनाना कोई अनिवार्य नहीं है। अपनी खुशी का इजहार तो मिठाई, उपहारों, रंगोली व दीयों के साथ कर सकते है। त्योहार का सही आनंद स्वच्छ व प्रदूषण रहित वातावरण में ही आएगा। उन्होने दीवाली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोग अपने घर को दीयों से सजाएं। इससे बिजली की खपत कम होगी। त्योहारों के अवसर पर बिजली की बढती मांग के मददेनजर बचत करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने बम-पटाखों से होने वाले नुकसान और प्रदूषण से होने वाली हानियों से अवगत कराते हुए बताया कि धुएं से दमा, ब्रोकाईटिस और दिल का दौरा पडने जैसी अन्य अनेक बीमारियां पैदा होती है। पटाखे छोडने से प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक बढ जाता है जोकि बहुत हानिकारक है। इससे आप और हम सब मिलकर ही छुटकारा पा सकते है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वह स्वयं धुआं और धमाका मुक्त त्योहार मनाने के साथ साथ अन्य लोगों को भी इसकी प्रेरणा दे।

दीवाली पर हर हालात से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार : एसीपी सोहना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना जोन के सहायक पुलिस आयुक्त मुकेश कुमार यादव ने बताया कि दीवाली के त्यौहार के मददेनजर यहां पर बिजलीनिगम, स्वास्थ्य विभाग, दमकल उपकेन्द्र समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की दीवाली के त्यौहार के मददेनजर छुटिटया रदद कर उन्हे चौबीस घंटे मुस्तैद रहने को कहा गया है। उन्होने बताया कि किसी भी स्थिति से निपटने और किसी भी आपदा से बचाव के लिए दमकल विभाग पूरी तरह तैयार है। स्थानीय दमकल केन्द्र प्रभारी को मौजूद सभी अग्निशमन गाडिय़ों को 24 घंटे पानी से भरे रखने के निर्देश दिए गए है। साथ ही दमकल उपकेन्द्र में कार्यरत दमकल कर्मचारियों की छुटिटयां रदद कर दी गई है। विभाग को आग से संबंधित किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए हर वक्त तैयार रहने को कहा गया है। सोहना जोन के सहायक पुलिस आयुक्त मुकेश कुमार यादव ने बताया कि सिर्फ ग्रीन पटाखों को बेचने, खरीदने और चलाने की अनुमति रहेगी। सर्वोच्च न्यायालय के दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुरूप शिवनगरी सोहना समेत पूरे एनसीआर क्षेत्र में दीवाली से एक दिन पहले और दीवाली के दिन तक सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति दी गई है। उपरोक्त आदेशों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ पुलिस प्रशासन को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, पर्यावरण सुरक्षा नियम 1986 की धारा-15 और एक्सपलोसिव एक्ट 1884 तथा एक्सपलोसिव कानून 2008 के प्रावधानों के अंतर्गत जरूरी दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए गए है। सोहना जोन के सहायक पुलिस आयुक्त मुकेश कुमार यादव ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की पालना के लिए विभिन्न विभाग के अधिकारियों पर आधारित निगरानी टीमें बनाई गई है, जो प्रतिदिन अपनी रिपोर्ट जिलाधीश कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। साथ ही उन्होने बताया कि ई-कामर्स नेटवर्क के माध्यम से पटाखों की बिक्री और खरीद पर रोक लगाई गई है।

प्रजापत समाज प्रतिनिधिमंडल एसीपी सोहना से मिला-समस्याओं पर दिए सुझाव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव निमोठ में रहने वाले प्रजापति महासभा के राष्ट्रीयमहासचिव ताराचंद प्रजापत और युवा समाजसेवी कृष्ण कुमार प्रजापत व सुनील कुमार प्रजापत की अगुवाई में प्रजापत समाज का एक प्रतिनिधिमंडल बृहस्पतिवार को सोहना जोन के सहायक पुलिस आयुक्त मुकेश कुमार से मिला और उन्हे बुक्के देकर मिठाई खाते-खिलाते हुए धनतेरस, दीपावली, गौवर्धन पूजा, विश्वकर्मा जयंती, भैयादौज, छठ पूजा, गुरू नानक देव प्रकाशोत्सव की अग्रिम बधाई दी और आए दिन सडक़ों पर लगने वाले जाम, अतिक्रमण आदि समस्याओं पर मंत्रणा कर अपने सुझाव दिए।

दीवाली के उपलक्ष्य में हुआ दीवाली धमाका और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन : मनिका जैन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर नगरपरिषद के वार्ड-दो के तहत लगने वाले सेंट्रल पार्क फ्लावर वैली सोसायटी में दीपावली धमाका कार्यक्रम का आयोजन रोटरीक्लब सोहना सेंट्रल की अध्यक्षा रोटेरियन मनिका जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। रोटरीक्लब सोहना सेंट्रल की सचिव नेहा टिकमानी, रोटेरियन प्रियंका गोयल, रोटेरियन छाया उपाध्याय ने बताया कि इस मौके पर आयोजित किए गए दीपावली धमाका कार्यक्रम में मुख्यातिथि रूप में भाजपा नेता नारायण भड़ाना और विशिष्ट अतिथि रूप में भाजपा नेता व शिक्षाप्रेमी राकेश जैन, सोहना अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग, वरिष्ठ नागरिक नरेश शर्मा व नरेश गुलाटी, मोहन पाहवा विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होने बताया कि आज सेंट्रल पार्क फ्लावर वैली में आयोजित किए गए दीपावली धमाका कार्यक्रम व तंबोला सहित कई मनोरंजक गतिविधियां कराई गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बंपर पुरस्कार के रूप में स्कूटी वाला पहला इनाम रहा। यह इनाम सोहना शहर में रहने वाले उमंग नारंग सुपुत्र भीमसेन नारंग ने जीता जबकि तंबोला में मेघना, कुसुम शर्मा, नैंसी, नरेश शर्मा प्रथम, द्वितीय व चतुर्थ स्थान पर रहे। कई विजेताओं का फिलिप्स कम्पनी का एयर फ्रायर का इनाम में मिलने पर उनकी खुशी देखने लायक रही। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में झिरकाफिरोजपुर से आए युवा समाजसेवी रूद्र जैन, गांव खेड़ाखलीलपुर से आए पवन खटाना, सोहना शहर के अनाजमंडी से आई महिला समाजसेविका वर्षा अग्रवाल धर्मपत्नी सेठ विजय अग्रवाल ने जीता। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए महिला समाजसेविका मनिका जैन, नेहा टिकमानी, अमित जैन, आशु जैन, छाया उपाध्याय, जतिन जिंदल, कशिश, कोमल, युवा पंजाबी नेता मयंक नंदा, पूनम, श्री शिवकुम्भ साखमजती अधमर्षण रक्षा सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप सिंगला कालू, शिखा, प्रवीण गर्ग, रोहित गर्ग, संजय नेहरू, सुशीला देवी, जीतू ठाकुर, उमेश जुनेजा कोकी, उमेश वर्मानी, ललिता यादव के साथ-साथ 60 वर्ष से ऊपर की आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानस्वरूप दोशाला ओढाकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया है।

उन्होने बताया कि इस आयोजन का उददेश्य लोगों को दीपावली की खुशियों से जोडऩा, आपसी मेलजोल बढ़ाना और सभी के साथ मिलकर त्यौहार का आनंद लेना है।

बम-पटाखों की बजाय दीपक जलाकर मनाए प्रदूषण मुक्त दीवाली : रामकिशन राघव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी में रहने वाले भारत रक्षा मंच के प्रांतमंत्री रामकिशन राघव ने क्षेत्रवासियों से प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि दीपावली दीपों का त्यौहार है लेकिन हमें ऊर्जा बचाने के लिए अपने घरों पर लगने वाली लाइटों का कम से कम प्रयोग करना चाहिए और 60 व 100 वाट के बल्बों के स्थान पर एलईडी, 6, 9, 12 व 18 वाट की सीएफएल व स्लिम टयूब लाइटों को इस्तेमाल में लाना चाहिए। भाजपा जिला कार्यकारिणी मैंबर रामकिशन राघव ने बताया कि दीवाली पर बमों व पटाखों से त्योहार मनाना कोई अनिवार्य नहीं है। अपनी खुशी का इजहार तो मिठाई, उपहारों, रंगोली व दीयों के साथ कर सकते है। त्योहार का सही आनंद स्वच्छ व प्रदूषण रहित वातावरण में ही आएगा। भाजपा जिला कार्यकारिणी मैंबर रामकिशन राघव ने दीवाली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोग अपने घर को दीयों से सजाएं। इससे बिजली की खपत कम होगी। त्योहारों के अवसर पर बिजली की बढती मांग के मददेनजर बचत करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने बम-पटाखों से होने वाले नुकसान और प्रदूषण से होने वाली हानियों से अवगत कराते हुए बताया कि धुएं से दमा, ब्रोकाईटिस और दिल का दौरा पडने जैसी अन्य अनेक बीमारियां पैदा होती है। पटाखे छोडने से प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक बढ जाता है जोकि बहुत हानिकारक है। इससे आप और हम सब मिलकर ही छुटकारा पा सकते है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वह स्वयं धुआं और धमाका मुक्त त्योहार मनाने के साथ साथ अन्य लोगों को भी इसकी प्रेरणा दे।

देशी घी व सरसो के दीए जलाकर मनाए दीवाली का त्यौहार : समाजसेवी सुरेन्द्र यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर शहर में दमदमा रोड़ स्थित जीएलएस होम सोसायटी निर्देशक सुरेन्द्र यादव व युवा समाजसेवी मनीष यादव ने क्षेत्र के लोगों से दीपावली के त्यौहार को सात्विक एवं पारम्परिक ढंग से मनाए जाने का आहवान किया है। जीएलएस होम सोसायटी निर्देशक सुरेन्द्र यादव व युवा समाजसेवी मनीष यादव ने क्षेत्रवासियों को धनतेरस, दीपावली, गौवर्धन पूजा, विश्वकर्मा जयंती, भैयादौज, छठ पूजा, गुरू नानक देव प्रकाशोत्सव की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि दीपावली भारत में हिंदुओं द्वारा मनाया जाने वाला सबसे बड़ा त्यौहार है। दीपों का पर्व होने के कारण इसे दीपावली का नाम दिया गया है। उन्होने मौजूदजनों के बीच बोलते हुए बताया कि हिंदू मान्यताओं में प्रचलित है कि कार्तिक अमावस्या को प्रभु श्रीराम जी 14 वर्ष का वनवास काटकर और आसुरी वृतियों के प्रतीक रावण का संहार करके अयोध्या लौटे थे। उसी खुशी में देशी घी के दीए जलाकर खुशियां मनाई गई। जीएलएस होम सोसायटी निर्देशक सुरेन्द्र यादव व युवा समाजसेवी मनीष यादव ने कहा कि हमें दीवाली पर चाइनीज लडिय़ों को लगाने की बजाय इस पवित्र त्यौहार को प्रात: समय वैदिक रीति से हवन करके और देशी घी व सरसो के तेल के दीए जलाकर मनाना चाहिए। इससे रोग नष्ट होते है।

उत्तम स्वास्थ्य और अच्छे संस्कारों का निर्माण होता है। देशी घी व तेल के दीए जलाने से पर्यावरण शुद्ध और प्रदूषण पर रोक लगती है जबकि पटाखे फोडने, मोमबत्तियां जलाने से वातावरण प्रदूषित होता है।

श्रीराममंदिर में जलाए जाएंगे 2 लाख दीए : विधायक तेजपाल तंवर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने बताया कि इस बार 8 नवम्बर को कार्तिक अमावस्या वाले दिन दीपावली बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधामपूर्वक मनाई जाएगी। खुशी की बात यह है कि इस दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार उत्तरप्रदेश के अयोध्या स्थित श्रीरामनगरी में दीवाली पर सरयू नदी के तट पर 56 घाटों पर 10वें दीप महोत्सव के तहत दीवाली को दिव्य व भव्य बनाने के लिए गौमाता के गोबर से तैयार कराए गए 30 लाख दीपों से घाटों व कुंडों को रोशन करेगी। उन्होने बताया कि प्रभु श्रीराममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दीपोत्सव को यादगार बनाए जाने के लिए इस बार प्रभु श्रीराममंदिर परिसर में गाय के गोबर से तैयार कराए गए दीए जलाए जाएंगे। छोटी और बड़ी दीपावली पर दोनों दिनों में एक-एक लाख दीयों से प्रभु श्रीराम का मंदिर जगमग होगा। अच्छी बात यह है कि इन दीयों को देशी गाय के गोबर, मोम और सरसो के तेल से तैयार कराया गया है। नगरनिगम की बेसिंह स्थित कान्हा गौशाला के साथ-साथ महिला समूह के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार यह दीए तैयार करा रही है। इस गौशाला में दर्जनों कारीगर मशीनों से दीए तैयार कर रहे है तो इसके अलावा हाथों से भी दीए तैयार कराए जा रहे है। उन्होने बताया कि राममंदिर में दीप महोत्सव को विशेष बनाने के लिए पूरे मंदिर परिसर में फूलों के साथ 4 भव्य द्वार भी बनाए जाएंगे। मंदिर के अलग-अलग हिस्सों को आकर्षक बनाने के लिए रंग-बिरंगी आकर्षक रोशनी और तरह-तरह के पुष्पों से सजाया जाएगा। छोटी दीवाली पर दीप महोत्सव के मुख्य आयोजन के साथ-साथ अयोध्या में श्री हनुमान जयंती भी धूमधाम से मनाई जाएगी। सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने बताया कि श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनके अस्थाई मंदिर को हनुमानमंदिर के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। दीप महोत्सव पर मुख्य मंदिर परिसर को अत्याधुनिक लाइटों व सुगंधित फूलों से सजाया जाएगा। वही अस्थाई मंदिर यानी हनुमानमंदिर का भी विशेष अलंकरण होगा। जिसके लिए 5 अलग-अलग जोन बनाकर टीमों को जिम्मेदारी वितरित की गई है। उन्होने बताया कि श्रीराम लला मंदिर अर्चक प्रमुख आचार्य केशव शर्मा को पहले जोन की जिम्मेदारी दी गई है। इस पहले जोन में मंदिर प्रांगण, परकोटा, ग्रीन हाउस और यज्ञशाला क्षेत्र में 30 हजार से अधिक दीप जलाए जाएंगे तो दूसरे जोन में कुबेर टीला एवं सप्तमंडप, शेषावतारमंदिर, हूतात्मास्मारक और पंचवटी समेत अन्य स्थानों पर दीप प्रज्जवलन होगा। इसकी जिम्मेदारी चंद्रन दीक्षित को दी गई है।

दीवाली पर शहीदों की याद में जलाए जाए दीए : नगरपार्षद नीरज सिंगला



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना नगरपरिषद में वार्ड-चौदह से नगरपार्षद नीरज सिंगला ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीपावली पर वह अमर वीर योद्धाओं और शहीदों के सम्मान में दीप जलाकर उनकी दी गई शहादत को याद करे। शहीदों की दी गई कुर्बानी की बदौलत ही आज हम खुली हवा में चैन की सांस ले रहे है। उन्होने बताया कि पूर्वजों की स्मृति में आकाश दीप जलाने की परम्परा रही है और आकाश दीप से जुड़े कथानकों में ऐसी मान्यता है कि महाभारत युद्ध में प्राण विसर्जित करने वाले वीरों की स्मृति में भीष्म ने कार्तिक महीने में दीप मालिकाओं से उन्हे सन्तप्रण दिया था। इसलिए हमें चाहिए कि पूर्वजों की याद में जलाए जाने वाले दीपों के साथ-साथ मां भारती के लिए शहादत देने वाले शहीदों की याद में भी दीप जलाए जाए। नगरपार्षद नीरज सिंगला ने धनाढय लोगों से आग्रह किया है कि वह दीवाली का त्यौहार झुग्गी-झोपडियों में रहने वाले परिवारों को मिठाई, नमकीन, पाठय सामग्री और दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं को उपहार में देकर मनाते हुए अमीर-गरीब के बीच की खाई को पाटने में अहम भूमिका निभाए।

आरबीएसएम में दीवाली पर शहीदों की याद में जलाए जाएंगे दीए : शिक्षाविद भागीरथ राघव




सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी स्थित आरबीएसएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन भागीरथ राघव एडवोकेट ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीपावली पर वह अमर वीर योद्धाओं और शहीदों के सम्मान में दीप जलाकर उनकी दी गई शहादत को याद करे। शहीदों की दी गई कुर्बानी की बदौलत ही आज हम खुली हवा में चैन की सांस ले रहे है। उन्होने बताया कि पूर्वजों की स्मृति में आकाश दीप जलाने की परम्परा रही है और आकाश दीप से जुड़े कथानकों में ऐसी मान्यता है कि महाभारत युद्ध में प्राण विसर्जित करने वाले वीरों की स्मृति में भीष्म ने कार्तिक महीने में दीप मालिकाओं से उन्हे सन्तप्रण दिया था। इसलिए हमें चाहिए कि पूर्वजों की याद में जलाए जाने वाले दीपों के साथ-साथ मां भारती के लिए शहादत देने वाले शहीदों की याद में भी दीप जलाए जाए। आरबीएसएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन भागीरथ राघव एडवोकेट ने धनाढय लोगों से आग्रह किया है कि वह दीवाली का त्यौहार झुग्गी-झोपडियों में रहने वाले परिवारों को मिठाई, नमकीन, पाठय सामग्री और दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं को उपहार में देकर मनाते हुए अमीर-गरीब के बीच की खाई को पाटने में अहम भूमिका निभाए।

विवेक भारती विद्यालय में दीवाली पर शहीदों की याद में जलाए जाएंगे दीए : प्रधानाचार्य मनोज राघव

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव घामडोज स्थित विवेक भारती सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज कुमार राघव ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीपावली पर वह अमर वीर योद्धाओं और शहीदों के सम्मान में दीप जलाकर उनकी दी गई शहादत को याद करे। शहीदों की दी गई कुर्बानी की बदौलत ही आज हम खुली हवा में चैन की सांस ले रहे है। उन्होने बताया कि पूर्वजों की स्मृति में आकाश दीप जलाने की परम्परा रही है और आकाश दीप से जुड़े कथानकों में ऐसी मान्यता है कि महाभारत युद्ध में प्राण विसर्जित करने वाले वीरों की स्मृति में भीष्म ने कार्तिक महीने में दीप मालिकाओं से उन्हे सन्तप्रण दिया था। इसलिए हमें चाहिए कि पूर्वजों की याद में जलाए जाने वाले दीपों के साथ-साथ मां भारती के लिए शहादत देने वाले शहीदों की याद में भी दीप जलाए जाए। विवेक भारती सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज कुमार राघव ने धनाढय लोगों से आग्रह किया है कि वह दीवाली का त्यौहार झुग्गी-झोपडियों में रहने वाले परिवारों को मिठाई, नमकीन, पाठय सामग्री और दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं को उपहार में देकर मनाते हुए अमीर-गरीब के बीच की खाई को पाटने में अहम भूमिका निभाए।

दीवाली पर शहीद स्मारकों पर शहीदों की याद में जलाए जाएंगे दीए : हेमराम खटाना



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव रिठौज में रहने वाले गुर्जर महापंचायत के संयोजक बाबू हेमराम खटाना एडवोकेट ने बताया कि उन्होने दीवाली के त्यौहार पर शहीदों की याद में क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बने शहीद स्मारकों पर जाकर देशी घी के दीये जलाने का निर्णय लिया है। साथ ही उन्होने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीपावली पर वह अमर वीर योद्धाओं और शहीदों के सम्मान में दीप जलाकर उनकी दी गई शहादत को याद करे। शहीदों की दी गई कुर्बानी की बदौलत ही आज हम खुली हवा में चैन की सांस ले रहे है। उन्होने बताया कि पूर्वजों की स्मृति में आकाश दीप जलाने की परम्परा रही है और आकाश दीप से जुड़े कथानकों में ऐसी मान्यता है कि महाभारत युद्ध में प्राण विसर्जित करने वाले वीरों की स्मृति में भीष्म ने कार्तिक महीने में दीप मालिकाओं से उन्हे सन्तप्रण दिया था। इसलिए हमें चाहिए कि पूर्वजों की याद में जलाए जाने वाले दीपों के साथ-साथ मां भारती के लिए शहादत देने वाले शहीदों की याद में भी दीप जलाए जाए। गुर्जर महापंचायत के संयोजक बाबू हेमराम खटाना एडवोकेट ने धनाढय लोगों से आग्रह किया है कि वह दीवाली का त्यौहार झुग्गी-झोपडियों में रहने वाले परिवारों को मिठाई, नमकीन, पाठय सामग्री और दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं को उपहार में देकर मनाते हुए अमीर-गरीब के बीच की खाई को पाटने में अहम भूमिका निभाए।

देशी घी व सरसो के दीए जलाकर मनाए दीवाली का त्यौहार : कामरेड प्रताप खटाना



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव रिठौज में रहने वाले गुर्जर समाज सेवा समिति के प्रधान कामरेड प्रताप सिंह खटाना ने क्षेत्र के लोगों से दीपावली के त्यौहार को सात्विक एवं पारम्परिक ढंग से मनाए जाने का आहवान किया है। उन्होने क्षेत्रवासियों को धनतेरस, दीपावली, गौवर्धन पूजा, विश्वकर्मा जयंती, भैयादौज, छठ पूजा, गुरू नानक देव प्रकाशोत्सव की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि दीपावली भारत में हिंदुओं द्वारा मनाया जाने वाला सबसे बड़ा त्यौहार है। दीपों का पर्व होने के कारण इसे दीपावली का नाम दिया गया है। उन्होने मौजूदजनों के बीच बोलते हुए बताया कि हिंदू मान्यताओं में प्रचलित है कि कार्तिक अमावस्या को प्रभु श्रीराम जी 14 वर्ष का वनवास काटकर और आसुरी वृतियों के प्रतीक रावण का संहार करके अयोध्या लौटे थे। उसी खुशी में देशी घी के दीए जलाकर खुशियां मनाई गई। गुर्जर समाज सेवा समिति के प्रधान कामरेड प्रताप सिंह खटाना ने कहा कि हमें दीवाली पर चाइनीज लडिय़ों को लगाने की बजाय इस पवित्र त्यौहार को प्रात: समय वैदिक रीति से हवन करके और देशी घी व सरसो के तेल के दीए जलाकर मनाना चाहिए। इससे रोग नष्ट होते है। उत्तम स्वास्थ्य और अच्छे संस्कारों का निर्माण होता है। देशी घी व तेल के दीए जलाने से पर्यावरण शुद्ध और प्रदूषण पर रोक लगती है जबकि पटाखे फोडऩे, मोमबत्तियां जलाने से वातावरण प्रदूषित होता है।

शिवनगरी सोहना में धनतेरस की पूर्व संध्या पर बर्तन दुकानों पर उमड़ी खरीददारों की भीड़

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना में बृहस्पतिवार को धनतेरस की पूर्व संध्या पर बाजार में मेला भरा रहा। लोगों ने अपनी पसंद और जरूरत अनुसार बर्तनों, विभिन्न धातुओं से बनी सजावटी चीजों की जमकर खरीददारी की। इस मौके पर शहर के मेन बाजार में स्थित गौरव बर्तन भंडार की दुकान पर तरह-तरह के बर्तन खरीदने के लिए ग्राहकों की भारी भीड़ नजर आई तो वही टेलिविजन, मोबाइल, इलेक्ट्रानिक सामान व स्वर्ण आभूषण बेचने वाले आभूषण विक्रेताओं की दुकानों पर लोगों की इस कदर भीड़ उमड़ी कि सामान खरीदने के लिए लोगों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। धनतेरस की पूर्व संध्या पर आज प्रमुख बाजारों के साथ-साथ गली, मोहल्लों में खुली दुकानों पर भी कहीं खील, बताशे, खिलौना तो कही आकर्षक कलेंडरों, अगरबत्ती, मोमबत्ती, धूपबत्ती, श्रृंगार प्रसाधन सौन्दर्य सामग्री खरीदने वालों की भीड़ देखने को मिल रही है तो वही चाट, गोलगप्पे, पकौड़ी बेचने वालों की दुकानों पर लगी लाइनों के चलते उनकी मौज सी बन आई है। इलेक्ट्रानिक सामानों, झिलमिल करती रंग-बिरंगी लडिय़ों तो कही दीयों और अन्य सामानों की बिक्री भी जमकर चल रही है। सोहना के बाजारों में विभिन्न दुकानों पर जहां ग्राहकों की जमकर खरीददारी देखते ही बनती है, वही सडक़ के दोनों तरफ सामानों के लगे होने और बाजारों में उमड़ रही जबरदस्त भीड़भाड़ के बावजूद कारों व बड़े वाहनों के आवागमन से जहां-तहां कई-कई घंटों लंबा जाम लगना भी समस्या बनने लगा है। बाजार में बार-बार लग रहे लंबे जाम से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन के कोई प्रभावी कदम ना उठाने से आम जनमानस खासा परेशान है। देखने में आ रहा है कि दीवाली, विश्वकर्मा जयंती, गौवर्धन पूजा, भैयादौज, छठ पूजा आदि त्यौहारों के दृष्टिगत बाजारों में जगह-जगह मेला सा भरा हुआ है लेकिन कहीं भी लोगों की सुरक्षा के इंतजाम नहीं नजर आ रहे है। भीड़ भाड़ का फायदा जेबकतरें, झपटमार और मनचले जमकर उठा रहे है। युवतियों व महिलाओं के साथ छेडख़ानी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। बिना नंबर तो कोई बिना साइलेंसर और तेज प्रेशर हार्न बजाते हुए मोटरसाइकिलों को युवक जान-बूझकर भीड़ भरे बाजार में घुसाकर दहशत का सा माहौल बना देते है। महिलाएं छेडख़ानी होने पर लोक लाज के भय से चुप लगा जाती है और दुकानदार त्योहार के ऊपर ऐसे तत्वों से झगड़ा मोल लेने की बजाय सब कुछ जानते, देखते हुए भी आंखें फेर लेते है। यही कारण है कि यहां के बाजारों, गलियों और प्रमुख चौराहों पर चार-चार से लेकर 20-20 युवकों का झुंड लड़कियों की छुट्टी के वक्त खड़ा होकर आती-जाती लड़कियों पर फब्तियां कसते हुए छेडख़ानी से बाज नहीं आता।

जागरूक लोगों का कहना है कि पुलिस प्रशासन को इस तरफ विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि असामाजिक तत्वों पर कड़ाईपूर्वक लगाम लगाई जा सके और आम जनता में कानून के प्रति आस्था बनी रहे।

गरीब, अनाथ, बेसहारा बच्चों में मिठाई व प्यार बांटकर मनाए दीपावली का त्यौहार : कांग्रेस नेता राजीव यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। युवा कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीपावली के त्यौहार पर वह पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने। उन्होने कहा कि लोगों को अपने घरों में 60, 100 और 200 वाट के बल्बों की बजाय एलईडी व स्लिम टयूब लाईटों का इस्तेमाल करना चाहिए। जिससे बिजली की खपत कम होगी। पर्यावरण संतुलित रहेगा। कांग्रेस नेता व पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव ने कहा कि दीपावली का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है और खुशी का इजहार मिठाई, उपहार, रंगोली, मिटटी निर्मित दीयों में देशी घी डालकर उनसे रोशनी कर तथा गरीब, अनाथ, बेसहारा, बच्चों में खुशियां, मिठाई और प्यार बांटकर कर सकते है। उन्होने बताया कि उन्होने भाजपा से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वह दीपावली के त्यौहार पर पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने। साथ ही आम जनमानस को भी जागरूक बनाने में आगे आए ताकि एक नई और अच्छी पहल की शुरूआत हो। समाज और देश को नई दिशा मिले।

प्रोपर्टी आईडी सम्पत्ति वैध है या अवैध अब नगरनिकायों की बजाय तहसीलों में ही होगी जांच

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। हरियाणा में प्रॉपर्टी आई.डी. के नाम पर नगर निकायों में चल रहे खेल पर अब विराम लगने जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत नगर निकाय अब केवल प्रॉपर्टी से संबंधित बकाया राशि की एन.ओ.सी. जारी करेंगे। संपत्ति वैध है या अवैध, इसकी तसदीक पहले की तरह तहसीलों में ही होगी। इस व्यवस्था से उन लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है, जिन्हें प्रॉपर्टी आई.डी. में गड़बड़ी, सम्पति के रिकॉर्ड में विसंगति और नगर निकायों से एन.ओ.सी. लेने के नाम पर बार-बार चक्कर काटने पड़ते हैं। वही संपत्ति की वैधता जांचने की जिम्मेदारी संबंधित राजस्व अधिकारियों की होगी। प्रदेश में प्रॉपर्टी आई. डी. को लेकर लंबे समय से विवाद बना हुआ है। कई मामलों में सम्पत्ति के मालिकाना हक और जानकारी के बीच अंतर परेशानी का सामना करना पड़ता है। अब नगर निकायों का काम संपत्ति पर बकाया कर और अन्य देनदारियों की जांच तक सीमित रखने की तैयारी है। सबसे अहम बदलाव यह होगा कि सम्पत्ति वैध है या अवैध, इसकी तसदीक की जिम्मेदारी पहले की तरह तहसीलों में ही रहेगी। रजिस्ट्री से पहले सम्पत्ति के दस्तावेजों और राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर उसकी वैधता की जांच की जाएगी। संपत्ति की वैधता और मालिकाना हक से जुड़े मामलों में राजस्व विभाग की भूमिका पहले की तरह बनी रहेगी।

नए सिस्टम में शहरी निकाय विभाग की ओर से तहसीलों को वैध कालोनियों की सूची ऑनलाइन भेजी जाएगी और आगे उसे रजिस्टर्ड करने का काम तहसील का होगा।

टनल धंसने पर गैस पाइपलाइन को भी पहुंचा नुकसान

आर्बिटल रेल कारिडोर की निर्माणाधीन टनल में चौथी बार धंसी जमीन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना हलका के गांव सहसोला-पाटूका क्षेत्र में हरियाणा आर्बिटल रेल कारिडोर की निर्माणाधीन टनल एक बार फिर धंस गई है। केएमपी के साथ बन रही इस टनल के चौथी बार धंसने से किसान दहशत में है। गनीमत यह रही कि इस बार भी कोई बड़ा हादसा होने से बच गया और कोई जन हानि नही हुई लेकिन एक महीने के अंदर चौथी बार टनल धंसने से किसानों में भारी गुस्सा और दहशत का माहौल है। किसानों ने बताया कि बुधवार की सुबह अचानक टनल का एक बड़ा हिस्सा धंस गया। जिससे निर्माणाधीन टनल ग्रामीणों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। एक महीने के भीतर 4 बार जमीन धंसने से अब ग्रामीणों के मकानों में भी दरारे आने लगी है। इस बार टनल के ऊपर का कुछ हिस्सा धंसने से जहां गांव में दहशत का माहौल बन गया है और मकानों व जान-माल का कभी भी कोई बड़ा नुकसान हो सकता है, वही गेल कम्पनी की गैस पाइपलाइन भी तीसरी बार मुडक़र सतह पर दिखाई देने के बाद सामने आई है। लगातार हो रही इन घटनाओं के बीच किसानों ने टनल निर्माण कम्पनी पर लापरवाही और प्रशासन पर मामले को गंभीरता से लेने की बजाय लीपापोती का आरोप लगाया है। किसानों ने बताया कि टनल धंसने का यह सिलसिला पांच अक्टूबर को शुरू हुआ। उसके बाद दस अक्टूबर को टनल धंसी थी। उस वक्त गेल की पाइपलाइन को नुकसान हुआ था और अब तीसरी बार हरियाणा दिवस वाले दिन पहली नवम्बर को यह टनल फिर धंस गई जबकि चौथी बार टनल 4 नवम्बर को सुबह के वक्त फिर से धंस गई। गुजरात के जामनगर से दिल्ली एनसीआर तक गैस आपूर्ति करने वाली गेल कम्पनी की पाइपलाइन भी निर्माणाधीन टनल के धंसने पर जमीन से बाहर आ गई। इससे इलाके में बड़े हादसे का खतरा पैदा हो गया है। वही टनल धंसते ही किसानों में अफरा-तफरी मच गई। किसानों का कहना है कि प्रशासन केवल बेरिकेट लगाकर खानापूर्ति कर रहा है जबकि उनकी फसलें व जमीन बर्बाद हो रही है। वही वरिष्ठ एचसीएस अधिकारी व इलाका एसडीएम जितेन्द्र कुमार गर्ग का कहना है कि चौथी बार टनल धंसने वाला मामला उनके संज्ञान में आया है। मामले की जांच के लिए गठित की गई कमेटी दोबारा से घटनास्थल का मौका-मुआयना कर जांच को आगे बढ़ाते के लिए कानून सम्मत कार्रवाई अमल में लाएगी। किसान बता रहे है कि इससे पहले करीब 20 मीटर दायरे में अचानक मिटटी धंसने से जमीन भी धंस गई। अहम बात यह है कि उस वक्त निर्माणाधीन टनल के ऊपर खेत-खलिहानों में बड़ा व गहरा गढढा बन गया। हादसे को देख ग्रामीण खौफजदा हो गए। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई भी प्राण हानि होने से बाल-बाल बच गई। ग्रामीणों की माने तो हादसा स्थल पर उस वक्त कुछ देर पहले ही ट्रैक्टर-ट्राली निकली थी। हादसे की जानकारी मिलने के करीब बारह घंटे बाद टनल का निर्माण कर रही निर्वाण निर्माण कम्पनी के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। तब मौजूद ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच सुरक्षा मानकों की बरती जा रही अनदेखी को लेकर आपस में जमकर गर्मागर्मी होने पर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का कहना रहा कि इतनी बड़ी परियोजना के निर्माण के बावजूद मौके पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नही किए गए है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी बरती जा रही है। ऐसे हालातों में कभी भी, कोई भी बड़ा और भयानक हादसा हो सकता है। ग्रामीणों इस्लाम, मुबीन, रज्जाक, अब्बास, मौज खान, जौम खान, शमीम, जुबेर, अरशद आदि ने आरोप लगाया कि टनल निर्माण कार्य के दौरान मिटटी को रोकने के लिए पर्याप्त स्पोर्ट सिस्टम, सुरक्षा उपकरण, चेतावनी बोर्ड तक नही लगाए गए है। ग्रामीणों का यह भी कहना रहा कि क्षेत्र में दिन-रात ब्लास्टिंग की जाती है लेकिन इसकी पूर्व सूचना आसपास क्षेत्र में रहने वाले लोगों को कई बार नही दी जाती। जिससे खेतों में काम करने वाले किसानों और ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर बड़ा खतरा बन गया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जमीन धंसने के बाद बना गहरा गढढा बच्चों, पशुओं और वन्य जीवों के लिए खतरे से कम नही है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी टनल निर्माण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में खामियों को लेकर वक्त-वक्त पर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन इस तरफ कभी भी गंभीरता से ध्यान ना देने की वजह नतीजा वही ढाक के तीन पात रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह टनल सोहना हलका में गांव सहसोला, घुसपैठी, पाटूका, किरूरी और धुलावट समेत अरावली पहाड़ी क्षेत्र से होकर बनाई जा रही है। जमीन धंसने की जानकारी मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई लेकिन निर्माण कम्पनी के अधिकारियों ने इतनी लापरवाही दिखाई कि वह बारह घंटे बाद ही मौके पर पहुंचे। कम्पनी के अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर भी ग्रामीणों में रोष नजर आ रहा है। ग्रामीण बता रहे है कि जमीन अधिग्रहण के मुआवजे को लेकर भी विवाद न्यायालय में लंबित है तो वही उस वक्त घटनास्थल पर पहुंचे रेलवे और निर्माण कम्पनी के अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि धंसा हुआ हिस्सा टनल के साईड का क्षेत्र है।

इस हिस्से केअचानक धंसने को बड़ी चूक बताते हुए उन्होने कहा कि इसकी तकनीकी जांच कराई जाए और धंसी जगह की भरपाई कराने के साथ-साथ वहां चेतावनी बोर्ड और बेरिकेट लगाने का आश्वासन भी उन्होने ग्रामीणों को दिया है। गुस्साए ग्रामीणों का कहना है जब तक टनल निर्माण स्थल पर निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नही किए जाते, तब तक कम्पनी को किसी भी कीमत पर काम हर्गिज नही करने दिया जाएगा। ध्यान देने वाली बात यह है कि हरियाणा आर्बिटल रेल कारिडोर परियोजना के तहत करीब 4.69 किलोमीटर लम्बी टनल बनाई जा रही है।

दीयों के कारोबार में हुआ 60 फीसदी से ज्यादा इजाफा-कुम्हारों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। इस बार चीन की लडिय़ों और अन्य वस्तुओं के विरोध का असर बाजार में देखने को मिल रहा है। बाजार में जगह-जगह मिटटी के बने दीयों को बेच रहे कुम्हारों के चेहरों पर खुशी देखते ही बनती है। गांव निमोठ में रहने वाले बुजुर्ग ताराचंद प्रजापत, कृष्ण प्रजापत, सुनील प्रजापत और गांव जखोपुर में रहने वाले रोहताश प्रजापत, भक्त ग्यासीराम मैंबर, शहर के प्रजापत मोहल्ले में रहने वाले ललित प्रजापत, विक्की प्रजापत, जोनी प्रजापत, संदीप प्रजापत आदि कुम्हारों का कहना है कि इस बार दीयों की जमकर बिक्री हो रही है। उन पर आर्डरों की पूर्ति नही हो पा रही है। दीवाली पर पहले वह घर-घर जाकर दीए बेचते थे। तब जाकर कुछ महीनों के भोजन का इंतजाम हो पाता था लेकिन इस बार लोग खुद उनके यहां आकर मिटटी के बनाए दीए सैकड़ों की तादाद में खरीद रहे है। इस बार दीयों की इतनी जबरदस्त मांग है कि उन पर आर्डर भी पूरे नही हो पा रहे है। गांव जखोपुर की कुम्हार कॉलोनी में रहने वाले पचासों से ज्यादा परिवारों में बुजुर्गों के साथ-साथ अब परिवार के युवा, महिलाएं और बच्चे भी चाक पर दीए बनाने में बुजुर्गों का हाथ बंटा रहे है। रोजाना हजारों दीए बन रहे है लेकिन दीए सूखते ही हाथोंहाथ बिक रहे है। जिससे कुम्हार खुश है।

महान समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी रहे जमनालाल बजाज : चेयरमैन सुभाष बंसल

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर आज महान समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी जमनालाल बजाज की जयंती के उपलक्ष्य में वार्ड-पांच स्थित मातृभूमि परिसर में अग्रवाल वैश्य समाज के हलका प्रधान मास्टर सतीश गर्ग के सानिध्य और सेवानिवृत अधिकारी प्रहलाद गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्व समाज के आमंत्रित लोगों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस मौके पर उपस्थितों के बीच बोलते हुए हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल ने कहा कि जमनालाल बजाज स्वतंत्रता सेनानी के साथ-साथ महान समाज सुधारक रहे, जिन्होने अपने जीवन में सदैव नैतिकता और राष्ट्रवाद को बढ़ावा दिया। वर्ष-1921 में असहयोग आंदोलन, वर्ष-1923 में नागपुर झंडा सत्याग्रह, वर्ष-1929 में साइमन कमीशन के बहिष्कार और वर्ष-1930 में नमक सत्याग्रह में उन्होने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल ने राष्ट्रनायक जमनालाल बजाज को स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक बताते हुए कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनका अहम योगदान रहा और जमनालाल बजाज ने गौसेवा के क्षेत्र में भी अग्रणी रहते हुए अहम कार्य किए। साथ ही कमजोर वर्गों के उत्थान, महिलाओं की शिक्षा, हिंदी के प्रचार-प्रसार, खादी को बढ़ावा देने में उनकी अहम भूमिका रही। उन्होने बताया कि जमनालाल बजाज का जन्म गांव कासीकाबास, जनपद सीकर के एक मारवाड़ी निर्धन परिवार में हुआ। अंग्रेज सरकार द्वारा उन्हे दी गई राय बहादुर की पदवी को भी उन्होने स्वेच्छापूर्वक त्याग दिया और 11 फरवरी, 1942 को जमनालाल बजाज का अकस्मात निधन हो गया। जिसके बाद उनकी पत्नी ने खुद को देश के लिए समर्पित कर दिया और वह विनोबा भावे के साथ भूदान आंदोलन में पूरी सक्रिय रही।